नव प्रदेश

www.navpradesh.com रायपुर, बुधवार 3 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष चर्तुदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-260 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

उपचुनाव में भाजपा को दिवाली से पहले झटका

उपचुनाव में जीत पाई सिर्फ 7 सीटें, हिमाचल में जीती सीट पर जमानत जब्त

नई दिल्ली। दिवाली से पहले आए 13 राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों के नतीजों में भाजपा को करारा झटका झेलना पड़ा है। एक तरफ हिमाचल में उसे एक लोकसभा और एक विधानसभा सीट खोनी पड़ी है तो वहीं टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में क्लीन स्वीप करके करारा झटका दिया है। कुल 29 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में से भाजपा 22 पर मुकाबले में उतरी थी, लेकिन महज 8 सीटों पर ही जीत हासिल की। एक तरफ भाजपा को हिमाचल में करारा झटका देते हुए कांग्रेस ने क्लीन स्वीप कर दिया है। वहीं राजस्थान में भी उसने भाजपा का गढ़ कही जाने वाली धरियावाद सीट पर अपना परचम लहराया है। इसके अलावा वल्लभनगर सीट से भी जीत हासिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमाचल में कांग्रेस की धमाकेदार वापसी

हिमाचल प्रदेश की कुल 3 सीटों (फतेहपुर, जुब्बल कोटखाई, अर्की) में से भाजपा को सभी पर हार का सामना करना पड़ा है। यही नहीं अपनी जीती हुई कोटखाई की सीट भी उसने कांग्रेस के हाथों गंवा दी है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी रोहित ठाकुर को जीत मिली। रोहित ठाकुर को 29447 वोट मिले। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी चेतन बरागटा 23344 वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। जबकि भाजपा प्रत्याशी नीलम सरैइक को महज 2584 वोट मिले और उनकी जमानत तक जब्त हो गई। जीती हुई सीट पर जमानत जब्त कराना भाजपा के लिए बड़ी किरकिरी है और इससे आने वाले दिनों में प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठ सकते हैं।

पंजाब लोक कांग्रेस होगा कैप्टन अमरिंदर की नई पार्टी का नाम

नई दिल्ली। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखी एक चिट्ठी में अपना इस्तीफा दिया है। इसके साथ-साथ कैप्टन अमरिंदर ने आज अपनी नई पार्टी का ऐलान भी कर दिया है। कैप्टन अमरिंदर ने 'पंजाब लोक कांग्रेस' के नाम से अपनी नई पार्टी बनाई है।

राज्य के 4 हजार पुलिसकर्मी प्रमोट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए पदोन्नति प्रक्रिया का तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यंमत्री के निर्देश पर पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को दीपावली का खास तोहफा मिला है। डीजीपी डीएम अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सदैव पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के हित हेतु संवेदनशील रहते हैं, उनके निर्देश पर छत्तीसगढ़ पुलिस में सिपाही से हवलदार और हवलदार से एएसआई की पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। सभी जिलों में सिपाही से हवलदार हेतु 2952 एवं हवलदार से एएसआई हेतु 865 पुलिसकर्मी योग्य पाये गये हैं। इस प्रकार लगभग चार हजार पुलिसकर्मियों को इस दीपावली पर प्रमोशन का तोहफा मिलने जा रहा है। डीजीपी अवस्थी ने सभी रेंज आईजी को योग्य हवलदार एवं एएसआई का प्री प्रमोशन कोर्स शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

जिन्ना का जिन्न पूरे पांच साल तक बोतल में बंद रहकर आराम फरमाता रहता है। जैसे ही कोई चुनाव आता है वह बाहर आ जाता है। इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उसे टीपू ने बोतल से बाहर निकालकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के साथ मोहम्मद अली जिन्ना का नाम लेकर देश तोड़ने वाले को भारत की महान विभूतियों के समकक्ष खड़ा कर नया विवाद पैदा कर दिया है। ताज्जुब है कि वोट के लिए कोई इतना नीचे भी गिर सकता है।

सूर्योदय

उदय : 6:38 प्रात:

अस्त : 5:30 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,903,963,990

भारत : 1,398,454,380

बाजार

सेंसेक्स : 60,421.14

निफ्टी : 18,012.25

गोल्ड : 47,850 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.41 प्रति नग

मनी लॉन्ड्रिंग केस

कोर्ट में पेश हुए महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख, ईडी को मिली 6 नवंबर तक कस्टडी

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को आज प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में पेश किया। ईडी की तरफसे कोर्ट में अनिल देशमुख की 14 दिन की रिमांड मांगी गई। कोर्ट ने अनिल देशमुख को 6 नवंबर तक ईडी की कस्टडी दी है। एजेंसी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह अदालत में पैरवी की। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को कोर्ट ने 6 नवंबर तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। सुनवाई के दौरान मुंबई की विशेष पीएमएलए अदालत ने अनिल देशमुख की हिरासत के दौरान घर का भोजन और दवाओं के लिए अनुमति दे दी है। अदालत ने पूछताछ के दौरान अनिल देशमुख को वकील साथ रखने की भी अनुमति दी है। इससे पहले अनिल देशमुख को सोमवार की देर रात तकरीबन 13 घंटो की पूछताछ के बाद निदेशालय ने गिरफ्तार किया। मंगलवार सुबह ईडी के अधिकारियों ने उनकी मेडिकल जांच के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया। फिलहाल इस सुनवाई के दौरान मीडिया को कोर्ट रूम अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई है।

गाजीपुर में दर्दनाक सड़क हादसा

तेज रफ्तार ट्रक ने 10 को कुचला, 6 लोगों की मौत

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. इस भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई. यह घटना गाजीपुर जिले के मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव में हुई. जहां पर एक बेकाबू ट्रक चाय की दुकान में घुस गया और इसकी चपेट में करीब दस लोग आ गए. बताया जा रहा है कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो की अस्पताल ले जाते समय हुई. सभी घायलों को नजदीक के सीएचसी मोहम्मदाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने गाजीपुर-भरौली मार्ग पर जाम लगा दिया और मृतकों के लिए मुआवजे की मांग करने लगे.

इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची ने ट्रक को कब्जे में लिया फिर स्थिति को सामान्य करने और आवागमन को सुचारू रूप से चालू करने में जुट गई. पुलिस इस मामले की गंभीरता के साथ जांच कर रही है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक के बेकाबू होने की वजहों का खुलासा नहीं हो पाया है. इस दर्दनाक घटना में मरे गए लोगों में उमाशंकर यादव 62 वर्ष, बीरेंद्र राम 40 वर्ष, सत्येन्द्र ठाकुर 28 वर्ष, गोलू 14 वर्ष, श्याम बिहारी कुशवाहा 40 वर्ष और चांदमोहन राय 34 वर्ष हैं.

काबुल में फिर हुआ धमाका 19 लोगों की मौत, कई घायल

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के सरदार मोहम्मद दाउद खान मिलिट्री हॉस्पिटल में हुए अटैक में अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट मुताबिक 50 से अधिक लोग घायल हैं। तालिबान के उप प्रवक्ता बिलाल करीमी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया है कि क्षेत्र में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है, हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि इससे पहले, आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खोस्ती ने कहा था कि विस्फोटों में हताहत हुए थे, लेकिन मरने वालों की संख्या की पुष्टि नहीं की थी। अभी तक किसी ग्रुप ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है हालांकि इस हमले के पीछे भी इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन का हाथ बताया जा रहा है। सरकारी बख्तर समाचार एजेंसी ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि इस्लामिक स्टेट के कई लड़ाके अस्पताल में दाखिल हुए और सुरक्षा बलों से भिड़ गए थे। अगस्त में काबुल पर तालिबान के कब्जा के बाद से ही अफगानिस्तान में लगातार बम धमाके हुए हैं। इन धमाकों में अब तक 250 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 400 लोग घायल हुए हैं।



न्यूज गैलरी

श्री शंकराचार्य कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

दुर्ग (नव प्रदेश)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी में शैक्षणिक गुणवत्ता विकास कार्यक्रम के तहत बीमा जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में एससी सेन सीनियर ब्रांच मैनेजर रहे। इन्होंने बीमा के बारे में जानकारी प्रदान की और इस बीमा को कैसे और किस तरीके से करना है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। माधवी राव ब्रांच मैनेजर ने इस बीमा जागरूकता को किस तरीके से उपयोग करना है और अपने और अपने परिवार को किस तरह से कुमारी के तहत उपयोग में लाना इसकी जानकारी प्रदान की। पुरुषोत्तम साहू असिस्टेंट मैनेजर एवं दिनेश त्रिपाठी सीनियर बिजनेस एसोसिएट ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बीमा के बारे में जानकारी दी गई और यह बताओ कितनी यूजफूल है इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया एवं कार्यक्रम में नितिन पाण्डेय भी उपस्थित थे। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी तथा शंकराचार्य स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज के शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा प्रश्न पूछे गए प्रश्नों का बहुत ही सरल व रोचक तरीके से उत्तर दिया गया।

रावतपुरा इंटरनेशनल स्कूल में अवॉर्ड सेरेमनी संपन्न

कुम्हारी (नव प्रदेश)। रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें विगत दिनों स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कसडोल में आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता 2021 श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी के छात्रों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण एवं 5 रजत पदक प्राप्त कर स्कूल सहित जिले का नाम पूरे छत्तीसगढ़ में रौशन किया। पदक विजेताओं में आर्यन चहल(स्वर्ण), विवेक कुमार शर्मा (स्वर्ण), सौम्य गिरी गोस्वामी (स्वर्ण) एवं पारूल वर्मा (स्वर्ण) शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में अवनी श्रीवास्तव , खुशी दुबे, आयशा सिंह, हर्ष झा एवं राजीव चक्रधारी शामिल हैं। वही श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दो खिलाड़ी आर्यन चहल एवं हर्ष झा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनकर सायकल प्रदान किया गया। विजेता खिलाड़ियों को डॉ. जेके उपाध्याय (वाईस चैयरमैन ऑफ एसआरजीओआई) द्वारा मैडल ट्रॉफी एवं टी-शर्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। अवॉर्ड सेरेमनी में एमके श्रीवास्तव (डायरेक्टर ऑफ श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कैंपस कुम्हारी) आरती मिश्रा (प्रिंसिपल श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी), स्पोर्ट्स टीचर/कोच बैजनाथ गुप्ता एवं हर्षिता सिन्हा सहित समस्त श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष जताया।

साइंस कॉलेज दुर्ग में राज्योत्सव पर छात्रों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई

दुर्ग (नव प्रदेश)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में विषेष रूप से छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द नाचा कलाकार सुभाष उमरे सम्मिलित हुये। उन्होंने नाचा से संबंधित जानकारी दी एवं प्रत्यक्ष रूप से नाचा प्रस्तुत किया। एनसीसी के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना एवं छत्तीसगढ़ राज्य की कला एवं संस्कृति, विज्ञान, खानपान, वेषभूषा, प्राकृतिक संसाधन, उद्योग एवं शिक्षा से संबंधित जानकारियां प्रस्तुत की। छात्रों ने स्व-रचित छत्तीसगढ़ी कविता का पाठ किया तथा राउत नाचा तथा छत्तीसगढ़ की विभिन्न नृत्य प्रकारों की मनमोहक रूप से प्रस्तुति दी। कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी शामिल हुए। प्रस्तुतिकरण देने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने छात्रों के कलात्मक अभिरूचि की प्रशंसा की तथा उन्हें भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों हेतु तत्पर रहने का आव्हान किया।

कुल फिनिष्ड स्टील प्रोडक्शन का मासिक रिकॉर्ड

बीएसपी के विभिन्न विभागों ने सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का रचा कीर्तिमान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का नया कीर्तिमान दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है इन विभागों में शामिल है सिंटर प्लांट-3, आरएमपी-3, एसएमएस-3, बीआरएम, कोकओवन तथा ओएचपी। संयंत्र ने अक्टूबर, 2021 में बेहतर उत्पादन करते हुए कुल फिनिष्ड स्टील प्रोडक्शन का नया मासिक रिकॉर्ड बनाने में सफलता हासिल की। इस माह 3,50,694 टन फिनिष्ड स्टील का उत्पादन कर अगस्त 2021 में बनाए गये 3,42,467 टन के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

सिंटर प्लांट-3 ने रचा उत्पादन का नया कीर्तिमान

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने अक्टूबर, 2021 में 5,05,205 टन के मासिक उत्पादन का नया कीर्तिमान रचते हुए अगस्त, 2021 में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 5,04,821 टन को ध्वस्त किया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आरएमपी-3 ने अक्टूबर 2021 में 37,271 टन सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन के कीर्तिमान रचते हुए विगत मार्च, 2021 में बनाये गये 35,719 टन सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन के अपने ही कीर्तिमान को तोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड दर्ज किया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-3 ने अक्टूबर, 2021 में 2,58,895 टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन, तथा 1,06,824 टन कास्ट ब्लूम प्रोडक्शन का नया रिकॉर्ड बनाया जो मार्च, 2021 में उत्पादित 2,50,880 टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन तथा 95,983 टन कास्ट ब्लूम प्रोडक्शन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

बीआरएम ने किया सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, बीआरएम ने अक्टूबर, 2021 में 67,469 टन रोलिंग का मासिक उत्पादन का नया कीर्तिमान रचते हुए अगस्त, 2021 में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 62,681 टन रोलिंग को ध्वस्त कर सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का नया कीर्तिमान रचा है। कोकओवन बैटरी-11 ने सर्वश्रेष्ठ औसत पुषिंग का बनाया मासिक रिकॉर्ड। बैटरी-11 ने अक्टूबर, 2021 में 91.35 का औसत पुषिंग कर अक्टूबर, 2020 में 90.32 औसत पुषिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट ने भी कुल वैगन अनलोडिंग तथा कुल मटेरियल हैंडलिंग का नया मासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। विभाग ने अक्टूबर, 2021 में 13,986 कुल वैगन की अनलोडिंग की तथा 18,48,235 टन कुल मटेरियल हैंडलिंग कर पिछले अगस्त 2021 में बनाये गये 13,561 कुल वैगन की अनलोडिंग तथा 17,86,837 टन कुल मटेरियल हैंडलिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों द्वारा अक्टूबर, 2021 माह में किए गए उत्कृष्ट मासिक निष्पादन हेतु संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने इन विभागों का दौरा कर इन सभी विभागों के कार्मिकों व अधिकारियों को बधाई दी।

विधायक ने महापौर एवं एल्डरमैन निधि से दुर्ग शहर को दिए एंबुलेंस

■ विधायक ने महापौर एवं एल्डरमैन की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम विवेकानद सभागार में विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में महापौर धीरज बाकलीवाल की निधि एवं एल्डरमेन रत्ना नारमदेव की निधि से एम्बुलेंस का शुभारंभ कर दुर्ग की जनता को समर्पित किया गया। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच मरीजों लोगों की मदद के लिए जनता की मांग लगातार सामने आ रहे थी जिससे अब मरीजों को काफी मदद मिलेगी.

विधायक अरुण वोरा ने कहा कि कोरोना कॉल समय हम सबके लिए बहुत ही संकट का समय था. हम जितना जनता की मदद कर सके कम था. निश्चित ही इससे मरीजों को अस्पताल लाने और ले जाने में सुविधा मिलेगी।

महापौर ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जिसमें से ज्यादातर मरीजों को अस्पताल की जरूरत भी महसूस हो रही थी. ऐसे में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने के लिए एंबुलेंस की जरूरत भी पड़ रही थी. लेकिन शहर में पर्याप्त एंबुलेंस नहीं होने के चलते मरीज अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे थे. ज्यादातर मरीज प्राइवेट एंबुलेंस के भरोसे थे. इसे देखते हुए महापौर ने अपने एवं एल्डरमेन की निधि से शहर को एक एंबुलेंस की सौगात मरीजो के लिए सभी की आवश्यकता होगी पूरी।

विधायक, महापौर एवं एल्डरमेन की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया। मौके पर एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव संदीप वोरा,नोडल अधिकारी प्रकाशचंद थावनी, महामंत्री पप्पू श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारत के स्वतंत्रता के 75 वें वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिनांक 30 अक्टूबर 2021 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पंत स्टेडियम सेक्टर 1 के फु टबॉल ग्राउंड में एक प्रदर्शन फु टबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), एसके दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव एवं दुर्ग जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ जीडी गांधी, भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा सेफी चेयरमेन एनके बंछोर एवं बीएसपी ओए के महासचिव परमिंदर सिंह ग्रेवाल, रामकृष्ण आश्रम नारायणपुर से पधारे श्री असीम महाराज एवं श्री हीरू महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग की ओर से उपस्थित अतिथियों का सहीराम जाखड़ उप महाप्रबंधक खेल एवं अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी तथा कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। यह प्रदर्शन फुटबॉल मैच रामकृष्ण मिशन नारायणपुर एकेडमी के फुटबॉल खिलाड़ी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के बीच खेला गया। इस आयोजन में आज के मुख्य अतिथि एसके दुबे ने खिलाड़ियों को संबोधित किया एवं खेल के अंत में खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का समापन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का समापन समारोह 01 नवम्बर को मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (माइन्स एवं रावघाट), मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एसके इस्सर, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) राकेश, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एके भट्टा, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तथा मुख्य महाप्रबंधक, भिलाई स्टील प्लांट के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेता और निर्णायकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर सेकण्डरी स्कूल, सेक्टर-10 के स्कूली छात्रों के स्वागत गीत से हुई। इसके बाद स्कूली छात्रों द्वारा अतिथि का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक, प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने प्रेरक भाषण से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा कोई एक शब्द नहीं है जिसे किसी विशेष अर्थ से परिभाषित किया जा सकता है, यह धर्म है, जिसका पालन हम सभी को अपने कर्तव्यों को सही ढंग से करते हुए करना चाहिए। उन्होंने दर्शकों को इस बात पर भी जोर दिया कि, भ्रष्टाचार को खत्म करना हमारा नैतिक कर्तव्य है, क्योंकि भ्रष्टाचार राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के लिए उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व की भी सराहना की।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कु. दामिनी सोनी पिता स्व. प्रकाश कुमार सोनी निवासी मकान नं. 352, वार्ड क्र. 05 विवेकानंद नगर के पीछे शीतला नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 58/8 का टु. रकबा 4413.2 वर्गफीट/ 0.041 हे. श्रीमती रेणुका सोनी ध.प. प्रकाश कुमार सोनी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 18/04/21 को हो जाने के कारण वारिसानों का दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र01//अ-20(3)/ वर्ष 2021-22

यह प्रकरण छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के प, क्रमांक एफ-4-32/ सात-1/2013 रायपुर दिनांक 08/07/14 में दिए गए निदेशों के परिपालन में तथा आवेदक/ पट्टेदार श्रीमती लक्ष्मी पति श्याम कुमार निवासी दुर्ग (छ.ग.) द्वारा लिए गए आवेदन के अनुसार नगर पालिक निगम दुर्ग में आवेदक को उक्त अधिनियम के तहत वर्ष 1984 में प्राप्त आवासीय पट्टे की भूमि जिसका भूखण्ड क्रमांक 01 क्षेत्रफल 13.40 वर्गमीटर भू-भाटक 13.40 रू के पट्टे की अवधि दिनांक 31/3/14 को समाप्त हो जाने के कारण पट्टे के नवीनीकरण की कार्यवाही किए जाने हेतु इस न्यायालय में प्रकरण संस्थित किया गया है।

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त आवेदित भूमि के पट्टे की आगामी 30 वर्ष के लिए नवीनीकरण की कार्यवाही किए जाने पर किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 18/11/21 उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिक निगम दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंथिर लाल मिर्चे आ./पति गेंदूराम मिर्चे निवासी हनोदा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम हनोदा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 603/2 रकबा 0.2000 हे. भूमि जो कि सहखातेदार जमुना बाई के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु जमुनाबाई पिता गेंदूराम को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 28.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202110100400505

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक दलजीत सिंह आ. बलबीर सिंह निवासी संतराबाड़ी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 34/5 रकबा 0.0450 हें/ 4905 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दामिनी सोनी पिता स्व. प्रकाश कुमार सोनी निवासी ग्राम शीतला नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 917/20 का टु. रकबा 0.006 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार प्रकाश कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुलेन्द्र कुमार यादव पिता स्व. मुकुंद लाल यादव निवासी ग्राम भाठापारा पोटियाकला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 349/30 रकबा 0.0310 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मुकेश कुमार यादव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र सिंह पिता स्व. निरंजन सिंह निवासी ग्राम प्रेमनगर सिकोलाभाठा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1333/24 रकबा 0.032 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार हरिन्द्रर सिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री राणा प्रेमसिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202110100400502, अ-2, 2021/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राणा प्रेमसिंह आ. स्व. आर.पी. सिंह निवासी मका. नं. 40 नेहरू नगर पूर्व भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	842/11	0.029 हें 3180 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री राजपाल सिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202110100400501, अ-2, 2021/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजपाल सिंह आ. स्व. दर्शन सिंह निवासी 1ए/14 सेक्टर-7 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	949/16	0.008 हें 800 वर्गफिट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका धनेश्वरी देवांगन पति गोवर्धन देवांगन निवासी ग्राम ठेठवार पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 249/35 रकबा 0.0115 वर्गफीट भूमि को विक्रेता आकाश यादव पिता रामा यादव निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम कुमार ठाकुर पिता फूल सिंह ठाकुर निवासी ग्राम विद्युत नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 146/175 रकबा 0.030 वर्गफीट भूमि को विक्रेता नन्हे भाई कुर्मी पिता स्व. एच.डी. कुर्मी निवासी ग्राम बोरसी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 22.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर राम देवांगन पिता बलिराम देवांगन निवासी पोलसायपारा दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग-02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 188/10 रकबा 0.0100 हे. भूमि को विक्रेता सुरेन्द्र सोनी पिता खुमान सिंह सोनी से दिनांक 28/10/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सोनारिन बाई साहू पति दयाराम साहू निवासी भवरदा कुरदा बेमेतरा जिला बेमेतरा मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग-01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 602/1 रकबा 0.6030 हे. भूमि को आममुख्तयार समाकांत श्रीवास्तव पिता झुमुक लाल से दिनांक 02/08/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत कुमार पटेल पिता मोहन लाल पटेल निवासी कैम्प-1 वार्ड 19 सुपेला भिलाई मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग-01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 281/1 रकबा 0.0410 हे. भूमि को विक्रेता रूखमीन बाई पति स्व. समारू पटेल से दिनांक 11/10/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जसप्रीत शर्मा अन्य-1 पति सचिन शर्मा निवासी वार्ड नं 17 कादम्बरी नगर दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 17/8 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 202/421 रकबा 0.0200 हे. भूमि को विक्रेता राजकुमार शर्मा पिता स्व. दीपचंद शर्मा से दिनांक 26/08/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बेबी साहू पति खिलेश कुमार साहू निवासी गयानगर वार्ड-40 दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 602/1 रकबा 0.6030 हे. भूमि को आममुख्तयार रमाकांत श्रीवास्तव पिता झुमुकलाल से दिनांक 28/07/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कु. दामिनी सोनी पिता स्व. प्रकाश कुमार सोनी निवासी मकान नं. 352, वार्ड क्र. 05 विवेकानंद नगर के पीछे मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग-2 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 175/8, 176/44 एवं 179/26 का टु. रकबा 968.75 वर्गफीट, 0.009 हे. प्रकाश कुमार सोनी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 07/05/21 को हो जाने के कारण वारिसानों का दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान परिवहन पर रखें निगरानी : मंत्री अमरजीत भगत

■ मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप एक दिसम्बर से होगी किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

■ बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

■ किसान स्वयं के बारदाने में पहले दिन से ही बेच सकेंगे धान

खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए बिजली, पानी व बैठक व्यवस्था करने के भी निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने आज अपने निवास कार्यालय सरगुजा कुटीर में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप इस वर्ष एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में पहला राज्य है, जहां राज्य सरकार द्वारा किसानों से वाजिब कीमतों में धान की खरीदी की जा रही है। सीमावर्ती इलाकों से होने वाले अन्य राज्यों से अवैध धान परिवहन की शिकायतें मिलती हैं। अतः अभी से सीमावर्ती इलाकों में इसके लिए कड़ी निगरानी सुनिश्चित कर लिया जाए, ताकि किसी भी स्थिति में दूसरे राज्यों से अवैध धान का परिवहन न हो पाए। राज्य सरकार द्वारा 105 लाख मेट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान है। किसानों से सुगम धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध होना चाहिए। धान खरीदी से पहले बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए।

खाद्य मंत्री ने धान खरीदी के लिए सहकारी समितियों की स्थिति का भी समीक्ष की। उन्होंने राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा धान खरीदी के 15 दिन पहले संभाग मुख्यालय में जाकर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए निर्देश दिए। खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लिया जाए। धान बेचने आने वाले किसानों के लिए पानी, बिजली व बैठने आदि की व्यवस्था भी दुरूस्त कर लिया जाए। प्राथमिक उपचार पेटी की व्यवस्था भी हो। खरीदी केन्द्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटर, इंटरनेट एवं कर्मचारियों की भी व्यवस्था कर ली जाए।

आस-पास के धान संग्रहण केन्द्रों की जानकारी होना चाहिए। धान खरीदी केन्द्रों के देखरेख के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो। गड़बड़ी अथवा लापरवाही के लिए नोडल अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। प्रदेश में लगभग 2311 से अधिक सहकारी समिति केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर किसानों से 105 लाख मेट्रिक टन धान खरीदने का अनुमान है। इस वर्ष 1.13 लाख नए किसानों ने पंजीयन कराया है। अभी तक धान विक्रय के लिए पंजीकृत किसानों की संख्या 22 लाख 66 हजार से अधिक हो गए हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप नए किसानों के लिए पंजीयन की तिथि 10 नवम्बर तक बढ़ा दी गई है।

रमन सिंह जब चुनाव हार कर राजनैतिक वनवास काट रहे थे तब भूपेश बघेल मध्यप्रदेश में मंत्री थे

■ रमन सिंह को भूपेश बघेल का धन्यवाद देना चाहिये उनके कारण भाजपा में पूछ परख बनी हुई है

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. रमन सिंह द्वारा भूपेश बघेल राजनीति की एबीसीडी सीख रहे थे वे केंद्र में मंत्री थे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह जब विस चुनाव हार कर रमन मेडिकल स्टोर्स कवर्धा में राजनैतिक वनवास काट रहे थे तब भूपेश बघेल अविभाजित मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह मंत्रिमंडल में मंत्री थे। जब रमन केंद्र में राज्य मंत्री थे, तब भूपेश बघेल छग कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल में पीएचई और राजस्व मंत्री थे।

सवाल रमन सिंह के उम्र में ज्यादा होने या पहले राजनीति में पदार्पण का नहीं है। सवाल है बीजेपी में रमन की अप्रासंगिकता का है इसमें कोई दो राय नहीं कि रमन सिंह तीन बार मुख्यमंत्री रहे, लेकिन आज बीजेपी उनसे छुटकारा पाने में लगी है। 15 साल मुख्यमंत्री रहने के बावजूद भाजपा अपना चेहरा मानने से इंकार करती है। खुद को पार्टी का एक छोटा चेहरा घोषित करते हैं लेकिन भाजपा प्रभारी उनको फि र से चेहरा मानने से इंकार करती है। वरिष्ठता के कारण उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भले ही बना दिये गये लेकिन भाजपा नेतृत्व ने उनको राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग के लायक कभी नहीं समझा।

इसलिए उन्हें कोई काम नहीं दिया गया, जब भूपेश बघेल असम में कांग्रेस के चुनाव के पर्यवेक्षक बनाये गये उनकी असम के कांग्रेस ने ताबड़तोड़ सभायें करवाया।

तब भाजपा ने रमन को असम प्रेस कांफ्रेंस करने भेजा। भूपेश बघेल उत्तरप्रदेश में कांग्रेस के सीनियर आब्जर्वर बनाये गये हैं तब रमन सिंह को उत्तरप्रदेश भेजा जाता है। इसका सीधा अर्थ है कि रमन सिंह की भाजपा नेतृत्व के सामने उपयोगिता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कारण ही है।

न्यूज गैलरी

ग्रामीण जिला कांग्रेस की सदस्यता अभियान में मरकाम, यादव पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष की उपस्थिति में जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में ग्राम छेरीखेड़ी धरसींवा ब्लाक से कांग्रेस सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी चौक रायपुर में अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू राजिम विधायक अमितेष शुक्ल, विधायक अनीता योगेश शर्मा की उपस्थिति में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। वरिष्ठ नेताओं ने ऐतिहासिक कांग्रेस भवन गांधी मैदान रायपुर के नवनिर्माण कार्य में श्रमदान किया एवं निर्माणाधीन कार्यो का अवलोकन किया।

आंगनबाड़ी : दीवाली के पहले मिलेगी हड़ताल अवधि की मानदेय राशि

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के निर्देश पर प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हड़ताल अवधि का रुका हुआ मानदेय भुगतान का आदेश जारी किया जा चुका है। दीवाली के पहले आंगनबाड़ी कर्मियों के खाते में राशि अंतरित हो जाएगी। विभागीय संचालक दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय का अलॉटमेंट भी जारी किया जा चुका है।

रायपुर कलेक्टर और एसएसपी ने की जिले के कानून व्यवस्था की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सौरभ कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल ने आज यहां कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिले के कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से एक दूसरे से सतत संपर्क बनाए रखने तथा समन्वय से कार्य करने कहा। आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो तथा पर्व आदि अवसर पर कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, संयमित आचरण करने, सूचना तंत्र प्रभावी बनाने तथा आम नागरिकों का पुलिस एवं प्रशासन पर विश्वास बनी रहे इस बात का विशेष ध्यान देने कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर एनआर साहू, अपर कलेक्टर पदमिनी भोई साहू, बीसी साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तारकेश्वर पटेल और सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

दीपावली पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज हो गया। इस पवन अवसर पर राज्यपाल,मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने प्रदेशवासियों को दीपों के महापर्व दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमारी समृद्ध वैभवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है। राज्यपाल ने कहा है कि इस वर्ष कोरोना संक्रमण के मद्देनजर त्यौहार मनाते समय विशेष सावधानी बरतें और भीड़-भाड़ वाली जगह में जाने से बचें। यदि जाना आवयश्क हो तो मास्क का उपयोग अवश्य करें, हाथों को साबुन से धोते रहें या सेनेटाइज करें। राजभवन में दीपावली मिलन के कार्यक्रम में राज्यपाल अनुसुईया उइके ने राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और मिष्ठान वितरित किए। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि राजभवन से छत्तीसगढ़ की जनता को अपेक्षाएं हैं और राजभवन इसमें खरा भी उतर रहा है। इसमें राजभवन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान है। हम सबके समन्वित प्रयास से हम छत्तीसगढ़ की जनता के दुख-दर्द को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। आज लोगों का राजभवन के प्रति एक विश्वास जागा है। जो लोग कभी राज्यपाल से मुलाकात करने की सोच नहीं पाते थे, आज वे राजभवन के दरवाजे पहुंच रहे हैं और अपनी बातें मेरे समक्ष रख रहे हैं। आज राजभवन जो 'जनभवन के रूप में परिवर्तित हो रहा है, ऐसा राजभवन परिवार के सहयोग से ही संभव हो पा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। बघेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि धनतेरस से पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत हो जाती है। उन्होंने कहा है कि खुशी देने और बांटने से बढ़ती है इसलिए दीवाली में कुम्हारों जैसे हुनरमंदों और छोटे व्यवसाय करने वालों से दिये, सजावट की वस्तुएं और अन्य सामानों की खरीद कर उनकी दीवाली भी खुशहाल बनायें। साथ ही सीएम ने कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए दीपावली मनाने की अपील भी की है।

मनरेगा जॉब कार्डों के अद्यतन और सत्यापन के लिए 30 नवम्बर तक विशेष अभियान

■ मनरेगा आयुक्त ने अद्यतन और सत्यापन के बाद 10 दिसम्बर तक निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भेजने के दिए निर्देश, सभी कलेक्टरों को परिपत्र जारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम) जॉब कार्डों के अद्यतन और सत्यापन के लिए 30 नवम्बर 2021 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मनरेगा के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए हर पांच वर्ष में जॉब कार्डों की वैधता की जांच कर अद्यतन एवं सत्यापन किया जाता है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक विशेष अभियान चलाकर परिवार रोजगार कार्डो (जॉब कार्डों) के अद्यतन एवं सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

राज्य मनरेगा आयुक्त श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने सभी कलेक्टरों-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयकों (मनरेगा) को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। उन्होंने जॉब कार्डों के सत्यापन और अद्यतन के बाद राज्य मनरेगा कार्यालय को 10 दिसम्बर तक निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भेजने कहा है। उन्होंने परिपत्र में बताया है कि श्रमिक परिवारों को जारी जॉब कार्ड पांच वर्षों के लिए वैध रहता है। इसकी वैधता की जांच कर, अद्यतन व सत्यापन कर नवीनीकरण किया जाना है। जॉब कॉर्ड यदि डुप्लीकेट हो या संबंधित परिवार के सभी सदस्य दूसरे ग्राम पंचायत में स्थाई रूप से निवास कर रहे हों अथवा बहुत समय से गांव में निवास नहीं कर रहे हों, जैसी स्थितियों में ही उस परिवार का जॉब कार्ड निरस्त किया जा सकता है।

मनरेगा के अंतर्गत जॉब कार्ड के नियमित रूप से अद्यतन के लिए संबंधित श्रमिक परिवार द्वारा किए गए कार्य की मांग, उसे उपलब्ध कराए गए कार्य दिवसों की संख्या, मस्टररोल के क्रमांक सहित उपलब्ध कराए गए कार्यो का विवरण, बेरोजगारी भत्ता के संबंध में जानकारी, किए गए कार्य की तारीख एवं दिनों की संख्या, मजदूरी भुगतान की दिनांकवार जानकारी तथा विलंबित क्षतिपूर्ति के भुगतान संबंधी जानकारी जैसी बिंदुओं को सूचीबद्ध किया गया है।

कांग्रेस 138 साल पुरानी पार्टी भाजपा की उम्र मात्र 38 साल

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के बयान पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक पर तंज कसते हुए कहा कि तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 6 लाख सदस्य बनाकर 70 विधानसभा सीटों में जीत दर्ज कराई वहीं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने मिस कॉल से 46 लाख सदस्य बनाये 14 सीट पर सिमट गए। भाजपा जितने सदस्य बनाने का दावा करती थी उतने वोट भी नहीं पाई थी। भाजपा सच्चाई को स्वीकार करें जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह कर भाजपा से जोड़ने की कोशिश की गई थी। भाजपा के नेता अपने आका को खुश करने जनता से उनकी मोबाईल लेकर भाजपा के मिस काल सदस्यता नम्बर पर कॉल करते थे। जिन्हें भाजपा अपना सदस्य बताती रही उन्हें खुद पता नहीं होता कि वो भाजपाई कब बन गए?

महिलाओं के किचन में छाया संकट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी डॉ. किरण बघेल के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि किसानों के हित के दिखावा करने वाले पहले अपने गिरेबान पर झांक कर देखे। यदि किसानों की यदि इतना ही चिंता होती तो किसान तीन काला कानून के विरोध करते हुये लगभग 1 साल होने जा रहा है। पूरे परिवार ठंड, बरसात, गर्मी में सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। केंद्र में बैठा तानाशाही सरकार को किसानों की बात नहीं सुन रहे है। 70 सालों में पहली बार अन्नदाताओं के साथ ऐसा जुल्म ठहाया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार है इसलिए यहां के किसानों की स्थिति अच्छी है। कांग्रेस के सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया गया, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना सहित विभिन्न योजना से किसान की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकार ने 15 साल में जो काम नहीं किया वो काम कांग्रेस सरकार ने कम समय में कर दिखाया, इसलिए भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है।

भाजपा नेत्रियां अब बेलगाम महंगाई की बात करने से बचते है। बढ़ती महंगाई के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी निराश है। दीपावली के त्यौहार को लोग बड़े धूम धाम से मनाना चाहते है, लेकिन मोदी सरकार के गलत नीति के कारण दैनिक उपयोग के आवश्यक वस्तुओं के दामों में दुगुना-तिगुना वृद्धि हो जाने के कारण मध्यम एवं गरीब तपके के लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रहा है। मोदी के मेहरबानी है जो दीवाली को दिवाला बना दिया है। महिलाओं के रसोई में संकट छाया है।

ग्राहकों की रौनक से व्यापारी वर्ग में दिखी खुशियां

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना संकट काल से उबरने के बाद दिवाली में छत्तीसगढ़ में बाजार गुलजार रहे। सराफा, ऑटोडील, बर्तन, कपडा सहित अमूमन सभी बाजारों में जबरदस्त ग्राहकी देखी गई। व्यापारियों के लिए हर्ष का विषय ये है कि विगत दो तीन डिओन से ये सिलसिला बरकरार है। आने वाले दिनों में भी व्यापारियों को उम्मीद है कि बाजार में ग्राहकों का आना जाना लगा रहेगा। कुल मिलकर व्यापर के लिए ये दिवाली रौनक वाली दिवाली रही।

त्यौहार से बढ़ी व्यापारियों की उम्मीदें : पारवानी

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में दीपावली त्यौहार में बाजारों में हो रहे करोड़ों के व्यापार पर व्यापारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि दीपावली पर्व पर इस वर्ष बाजारों में ग्राहकों की संख्या में दिन प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है। वर्ष 2019 और 2020 की दिवाली व्यापारियों के लिहाज से बेहद फीकी रही लेकिन इस बार दिवाली त्यौहार से व्यापारियों की बड़ी उम्मीदें हैं। पारवानी ने कहा कि खास तौर पर मिटटी के दिए, रेडीमेड गारमेंट्स, कपड़े, गिफ्ट आइटम्स, एफएमसीजी प्रोडक्ट्स, प्लायवुड एवं हार्डवेयर सामान, ग्रेन मर्चेन्ट,रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं, सौंदर्य प्रसाधन,सराफा, मोबाइल, बिल्डिंग मटेरियल, कन्फेक्शनरी, मिठाई, घर में साज सज्जा की वस्तुएं, ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट आइटम, बिजली की लड़ियाँ, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक सामान, सजावटी बल्ब, मेहँदी, रंगोली का सामान, कलर्स, केमिकल्स, बच्चों के खिलौने, घड़ी, सन ग्लासेस, बेकरी आइटम्स, किचन एप्लायंसेस, सेफ्टी इक्विपमेंट्स, बिजली की कंडीलें, हैंडलूम फैब्रिक्स, फर्निशिंग आइटम्स आदि की प्रमुख रूप से बिक्री हो रही हैं। वही व्यापारियो को भी नियमित तौर पर सेनेटाइजर का उपयोग करने सहित कोरोना गाइडलाइन्स का पालन करने की अपील की है।

सराफा बाजार में करोड़ो का कारोबार : हरख मालू

धनतेरस में ग्राहकों की उमड़ती भीड़ को देखकर ऐसा माना जा रहा है कि पूरे प्रदेशभर में सराफा बाजार में करीब 500 करोड़ का कारोबार। हुआ। वही रायपुर की बात करें तो लगभग 300 करोड़ के व्यापर का आकलन लगाया जा रहा है। रायपुर सराफा संघ के अध्यक्ष हरख मालू ने नवप्रदेश को बताया कि वर्ष 2019 और 20 में कोरोना संक्रमण के चलते दीपावली का पर्व फीका था। गाइडलाइन के अनुसार किसी ने भी त्यौहार को खुलकर नहीं मनाया था, यही कारण है कि बाजार में भीड़ भी नदारद थी। इस वर्ष कोरोना संक्रमण में लगातार कमी को देखते हुए शासन के द्वारा सभी प्रतिबंध को लगभग हटा लिया गया है। हालांकि गाइडलाइन का पालन करना सभी को आवश्यक है। प्रतिबंध नहीं होने के कारण ही बाजार में एक उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है : राज्यपाल

■ मुख्यमंत्री ने लोककला-साहित्य महोत्सव के आयोजन की घोषणा की

■ विभूतियां हुई राज्य अलंकरण से सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य अलंकरण समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल सुअनुसुईया उइके ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता और गर्व की अनुभूति हो रही है कि परमात्मा और प्रकृति ने छत्तीसगढ़ को जो वरदान दिए हैं, छत्तीसगढ़वासी उन वरदानों को सहेजने और उनसे अपना जीवन संवारने में सफल हुए हैं। मुझे विश्वास है कि हम अपने संसाधनों का संतुलित और बेहतर उपयोग करते हुए सबसे विकसित राज्यों में शामिल होंगे। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में योगदान देने वाले पुरखों का भी स्मरण किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी और राज्य अलंकरण पुरस्कार प्राप्त करने वाले विभूतियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आधारभूत संरचनाओं सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध है। शासन द्वारा जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। जनजातियों के उत्थान एवं कल्याण के लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक ठोस धरातल निर्मित हुआ है। इस दौर में राज्य में विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से भी एक अलग पहचान बनी है। वर्तमान में भी सांस्कृतिक समृद्धि के लिए चहुंमुखी प्रयास किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में संसाधन पर्याप्त है, चाहे वन हो, चाहे खनिज हो या मानव संसाधन हो। संसाधनों के दोहन में हमें सतत विकास का ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि आज हमें संकल्प लेना होगा कि छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने के लिए सब मिलजुल कर प्रयास करें।

छात्रवृत्ति के रूप में 1.65 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान

रायपुर। कोविड-19 से अनाथ हुए शासकीय और अशासकीय शालाओं के विद्यार्थियों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर लागू की गई छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के अंतर्गत शासकीय और अशासकीय शालाओं के 2373 विद्यार्थियों को 1 करोड़ 65 लाख 95 हजार रूपए की राशि का भुगतान छात्रवृत्ति के रूप में कर दिया गया है। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के अंतर्गत कोविड-19 से अनाथ हुए शासकीय और अशासकीय शालाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति तथा शाला शुल्क का भुगतान किया जाता है।

भारत सरकार
पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो)
(पूर्व नाम विस्फोटक विभाग)

चेतावनी

भारत सरकार के विज्ञापन संख्या G.S.R.-682 (E) दिनांक 5.10.1999 के अनुसार समस्त जनता को सूचित किया जाता है कि लड़ी माला सहित ऐसी आतिशबाजी जिसको ध्वनिस्तर 125 db(A1) से अधिक हो. उसका उत्पादन, विक्रय तथा प्रयोग पहले से ही प्रतिबंधित किया जा चुका है. इस प्रकार की आतिशबाजी का उत्पादन, विक्रय तथा प्रयोग गैर कानूनी है और जो व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जावेगा वह नियमानुसार दंड का अधिकारी होगा. दीपावली त्योहार में सुरक्षा की दृष्टि से निम्नलिखित सावधानियाँ बरती जायें.

करें

* केवल, माननीय सुप्रीम कोर्ट के विनिर्देशो के अनुपालन में किसी विश्वसनीय अनुज्ञप्तिधारक द्वारा विनिर्मात आतिशबाजी ही खरोदे.
* हमेशा वयस्क व्यक्ति के निर्देशन में ही आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएं,
* आतिशवाजी पर अंकित सुरक्षा उपायों का कडाई से पालन किया जाएं,
* आतिशबाजी को सुलगाने हेतु मोमबत्ती या अगरबत्ती का प्रयोग किया जाएं,
* प्रारंभिक छुटपुट आग को, वुझाने हेतु हमेशा पानी से भरी बाल्टी तैयार रखें.
* हवाई आतिशबाजी को हमेशा सुरक्षित भूमि क्षेत्र में ही छुटाएं.
* आतिशबाजी को पानी में सही प्रकार से भिगोकर ही फेके.

न करें

* बस्टिंग पाइंट से 4 मीटर की दूरी पर जलाने पर जिन आतिशबाजियों का ध्वनीस्तर 125डीबी (ए।) या 145 पौके से अधिक है उनका निर्माण, विक्री या उपयोग प्रतिबंधित है. एकल आतिशबाजी (जिसमें एक दूसरे से जुड़े हुए। पटाखे सम्मिलित है) के लिए, उपरोक्त सीमा 5 लोग 10 (एन) डीबी से घटाई जाएं, जहां एन, कुल जुडे हुए आतिशबाजी की संख्या के बराबर है.
* रात 10 से सुबह 6 बजे के बीच में आतिशबाजी न जलाएं.
* हाथ में पकडकर पटाखे न सुलगाएं. पहले नीचे रखें, फिर उन्हें सुलगाएं तथा वहां से हट जाएं.
* किसी भी आतिशबाजी को सुलगाने हेतु किसी डिब्बे में न रखें.
* सही तरीके से कार्य न करनेवाले किसी भी पटाखे को प्रयोग में न लाएं,
* कभी भी ऐसे स्थान पर हवाई आतिशबाजी न छुटाएं जहाँ ऊपर आसमान में जाने के लिए रूकावट हो जैसे पेड, पते, तार इत्यादि.
* खुली इमारत के पास कभी भी हवाई आतिशबाजी न सुलगाएं. खुली खिड़की या खुले दरवाजों से भी हवाई। आतिशबाजी अंदर जाकर आग का कारण बन सकती है.
* घरों के भीतर आतिशबाजी का प्रयोग ना करें.
* सार्वजनिक आने जाने के रास्ते पर पटाखे न जलाएं
* कभी भी अपने आप पटाखों का निर्माण या उनपर प्रयोग न करें.
* बुझे पटाखे को पुनः जलाने की कोशिश न करें. 15-20 मिनट इंतजार करें तदोपरांत उसे पानी से भरी बाल्टी में डुबों दें.
* नकली व अवैध पटाखों का प्रयोग न करें.
* बच्चों को अकेले पटाखे जलाने की अनुमति न दें.

DAVP- 05209/11/0002/2122

भारत सरकार, पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो)
(पूर्व नाम विस्फोटक विभाग)
द्वारा जनहित में जारी।

संपादकीय

भारत की विभूतियों को अपमान

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक समुदाय विशेष के वोट बटोरने के लिए भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार मोहम्मद अली जिन्ना को भारत की महान विभूतियों के साथ खड़ा कर के एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। एक सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और मोहम्मद अली जिन्ना ने एक ही संस्थान से वकालत की डिग्री हासिल की थी और इन सभी ने मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी थी। अखिलेश यादव ने जिन्ना को भारत की महान विभूतियों के समकक्ष खड़ा कर के एक समुदाय विशेष का वोट बटोरने की कोशिश में आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चरितार्थ कर लिया है। भाजपा ने उनके इस बयान को भारत की महान विभूतियों का अपमान करार दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव के इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि भारत की महान विभूतियों का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके लिए अखिलेश यादव को देश से माफी मांगनी चाहिए। यद्यपि अखिलेश यादव ने अभी तक अपने इस बयान को लेकर कोई सफाई नहीं दी है लेकिन समाजवादी पार्टी के अन्य नेता उनके इस बयान का बचाव करने के लिए आगे आ गए है। उन्होने भाजपा पर ही निशाना साधा है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवानी तो पाकिस्तान दौरे के दौरान जिन्ना की मजार पर मत्था टेकने पहुंच गए थे और उन्होने तो जिन्ना को महान धर्मनिपेक्ष नेता बताया था जबकि अखिलेश यादव ने सिर्फ उनका नाम ही लिया है इसलिए माफी तो भाजपा को मांगनी चाहिए। जिन्ना को लेकर चल रहे इस विवाद से अब यह बात साफ हो गई है कि चुनाव के दौरान जिन्ना का जिन्न बार बार निकलता है और वह राजनीतिक बहस का मुद्दा बनता है। पूर्व में भी कई बार चुनाव के दौरान जिन्ना का जिन्न बाहर निकल चुका है। समझ में नहीं आता कि भारत में हो रहे चुनाव में पाकिस्तान के जनक मोहम्मद अली जिन्ना की एंट्री क्यों हो जाती है। इस तरह के विवादास्पद बयान से आखिर राजनीतिज्ञों को क्या हासिल होता है। कायदे से तो चुनाव जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लड़ना चाहिए और इस तरह के विवादास्पद बयानों से परहेज करना चाहिए।

विचार

पोप, मोदी और पोपलीला

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस भावभीने ढंग से वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मिले, उसके फोटो अखबारों और टीवी पर देखकर कोई भी चकित हो सकता है। वैसे मोदी सभी विदेशी महाप्रभुओं से इसी गर्मजोशी के साथ मिलते हैं, चाहे वह डोनाल्ड ट्रंप हो या जो बाइडन हो। लेकिन यह एकतरफा अति उत्साह नहीं है। सामनेवाले की गर्मजोशी भी उतनी ही दर्शनीय हो जाती है। लेकिन मोदी की पोप से हुई भेंट को न तो केरल के कुछ ईसाई और न ही कुछ कम्युनिस्ट नेता आसानी से पचा सकते हैं लेकिन वे यह न भूलें कि पोप से मिलनेवाले ये पहले भारतीय प्रधानमंत्री नहीं है। इनके पहले चार अन्य भारतीय प्रधानमंत्री पोप से वेटिकन में मिल चुके हैं। वे हैं– जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, इंदर गुजराल और अटलबिहारी वाजपेयी। अप्रैल 2005 में जब पिछले पोप का निधन हुआ तो भारत के उप-राष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत स्वयं वेटिकन गए थे। उस समय यह प्रश्न भारत और फ्रांस दोनों जगह उठा था कि यदि आपका राष्ट्र धर्म-निरपेक्ष है तो केथोलिक धर्म गुरु की अंत्येष्टि में आपका प्रतिनिधि शामिल क्यों हो? इसका जवाब यह है कि पोप की धार्मिक हैसियत तो है ही लेकिन वेटिकन एक राज्य भी है और पोप उसके सर्वोच्च शासक हैं। यों भी किसी भी देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रोम जाते हैं तो वे पोप से प्रायः मिलते हैं लेकिन मोदी और पोप की इस भेंट से जो लोग नाराज हुए हैं, उनकी शिकायत है कि मोदी-राज में ईसाइयों और मुसलमानों पर काफी जुल्म हो रहे हैं लेकिन भाजपा इस भेंट का इस्तेमाल उन जुल्मों पर पर्दा डालने के लिए करेगी। इतना ही नहीं, गोवा और मणिपुर के आसन्न चुनावों में ईसाई वोटों को भी इस भेंट के बहाने पटाने की कोशिश करेगी। इस भेंट का इस्तेमाल नगालैंड, मिजोरम तथा देश के अन्य हिस्सों में रहनेवाले ईसाइयों को लुभाने के लिए भी किया जाएगा। यह संदेह निराधार नहीं है लेकिन सरकार के प्रवक्ता ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि इस भेंट के दौरान धर्मांतरण का सवाल उठा ही नहीं। धर्मांतरण के सवाल पर भाजपा-शासित राज्य कड़े कानून बना रहे हैं और संघ के महासचिव दत्तात्रय होसबोले ने भय और लालच दिखाकर किए जा रहे धर्मांतरण को अनैतिक और अवैधानिक बताया है। सिर्फ संख्या बढ़ाने के लिए धर्म-परिवर्तन कराने के गलत तरीकों पर पोप भी कोई रोक नहीं लगाते। अब तो पोपों की व्यक्तिगत पवित्रता पर कभी सवाल नहीं उठता लेकिन यूरोप में उसके पोप-शासित हजार साल के समय को अंधकार-युग माना जाता है। इस काल में पोपों को अनेक कुत्सित कुकर्म करते हुए और लोगों को ठगते हुए पाया गया है। इसीलिए ईसाई परिवारों में पैदा हुए वाल्टेयर, विक्टर ह्यूगो, कर्नल इंगरसोल और बुकनर जैसे विख्यात बुद्धिजीवियों ने पोप-लीला के परखचे उड़ा दिए थे। केथोलिक चर्च के इसी पाखंड पर प्रहार करने के लिए कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम की संज्ञा दी थी। आशा है, पोप फ्रांसिस जब भारत आएंगे तो वे अपने पादरियों से कहेंगे कि ईसा के उत्तम सिद्धांतों का प्रचार वे जरुर करें लेकिन सेवा के बदले भारतीयों का धर्म नहीं छीनें।

नितेश छाबड़ा

> *दोनों मैचों में हमारी टीम ने 16 ओवर स्पिन गेंदबाजी के खेले और सिर्फ74 रन जोड़े और 3 बल्लेबाज स्पिन का शिकार हुए। ये आंकड़े यह दर्शाते हैं कि हमारे बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी खेलने में बुरी तरह नाकाम रहे। वहीं हम भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रविन्द्र जडेजा की बात करें तो हमारे स्पिनर विरोधी टीम के बल्लेबाजों पर प्रभाव डालने में बिल्कुल असफल रहे। दोनों मैचों में हमारे स्पिन गेंदबाजों के 14 ओवरों में बिना कोई विकेट लिए 107 रन खर्च हैं। ये दोनों आंकड़े डराने वाले हैं और टीम मैनेजमेंट को इस कमजोरी काबू पाना होगा। भारतीय टीम ने पहला टी20 विश्व कप 2007 में जीता था। उस वक्त आईपीएल की शुरुआत नहीं हुई थी। 2008 में पहली बार आईपीएल खेला गया। इसके बाद से यह छटवां टी20 विश्व कप है, पर टीम दोबारा यह खिताब हासिल नहीं कर पाई है। आखिर क्या वजह है कि इतने ज्यादा टी20 मैच खेलने के बाद भी हमारे खिलाड़ी टी20 विश्व कप में जूझते नजर आते हैं।*

हार के लिए खिलाड़ियों के साथ बोर्ड भी जिम्मेदार

विजय और पराजय हर खेल का एक अहम पहलू है। क्रिकेट भी इससे अछूता नहीं है। सीमित ओवरों के मैच का सबसे बड़ा सच यही है कि जो उस दिन अच्छा खेलता है वही जीतता है। पाकिस्तान से हार के बाद भारतीय क्रिकेट फैंस को यह यकीन था कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के विरुद्ध अपने खेल का स्तर ऊँचा करके न सिर्फ जीत दर्ज करेगी, बल्कि अपने कारवां को आगे बढ़ाते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश भी करेगी। पर टीम का प्रदर्शन न सिर्फ निराशाजनक था, बल्कि बेहद शर्मनाक भी था। इससे भारतीय क्रिकेट प्रेमी तो निराश हैं ही, पूरी क्रिकेटिंग दुनिया भी यकीन नहीं कर पा रही है कि विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार टीम इस तरह अहम मैचों में बिखरी और टूटी हुई नजर आएगी। ऐसी क्या वजह है कि जिस टीम ने अभ्यास मैच में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों को एकतरफा अंदाज में मात दी थी वह बुरी तरह जूझती नजर आई। इस हार के बहुत से कारण हैं। आइए एक-एक करके इन पर चर्चा करते हैं।

मानसिक थकान: भारतीय टीम के खिलाड़ियों पर मानसिक थकान पूरी तरह से हावी दिख रही है। टीम के अधिकतर खिलाड़ी मसलन विराट, रोहित, बुमराह, जडेजा, शमी, अश्विन और राहुल लगभग हैं दूसरे पखवाड़े से देश से बाहर खेल रहे हैं। ज़ाहिर है इस महत्वपूर्ण स्पर्धा तक आते आते वे थक चुके हैं। न्यूजीलैंड से हारने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बुमराह ने भी इस बात को दबी जबान में स्वीकार किया। इससे पहले 2020 की शुरुआत में टीम के न्यूजीलैंड दौरे के वक्त विराट कोहली भी इस तरह का बयान दे चुके हैं कि इस अति व्यस्त शेड्यूल में लगता है कि खिलाड़ी सीधे स्टेडियम में लैंड करेंगे और मैच खेलेंगे। ये बयान यह बताने के लिए काफी है कि खिलाड़ी किस हद तक मानसिक थकान से गुजर रहे हैं। अब इस बात को बोर्ड को भी समझना होगा कि खिलाड़ी मशीन की तरह नहीं खेल सकते। कोई भी खिलाड़ी चाहे वो कितना ही बड़ा क्रिकेटर हो, वह सीधे और साफतौर पर बोर्ड को यह बात कहकर अपना कैरियर खराब नहीं करना चाहेगा। अब महीने से आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल, फिर इंग्लैंड से पाँच टेस्ट मैच, उसके बाद आईपीएल और अब टी20 विश्व कप। इसके बाद भी टीम को राहत नहीं है। विश्व कप के बाद 17 नवंबर से टीम को न्यूजीलैंड के साथ घरेलू टी20 सीरीज और 2 टेस्ट खेलने है। सच कहा जाए तो भारतीय टीम के इस कदर फेल होने के लिए बोर्ड भी बराबर का जिम्मेदार है।

खराब शॉट सेलेक्शन और योजना की कमी: न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में बल्लेबाजों का शॉट सेलेक्शन बहुत ही खराब था। वे यह नहीं समझ पा रहे थे कि विकेट बचाकर खेलना है या आक्रामक क्रिकेट खेलना है। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों में हड़बड़ी और उलझन साफ नजर आ रही थी। वे पारी जमाने की योजना कतई ठीक से नहीं बना पाए। यदि वे शुरू के 10 ओवरों में विकेट बचाकर 60 से 70 रन बना लेते तो आखिर के 10 ओवरों में 90-100 रन जोड़ सकते थे। यह कहना गलत नहीं होगा कि टॉस हारने के बाद टीम प्लान-बी पर सही तरीके से अमल नहीं कर पाई।

स्पिनर अबूझ पहेली: जी हाँ, सच यही है कि विपक्षी टीम की स्पिन गेंदबाजी भारतीय टीम के लिए एक अबूझ पहेली बन गई है। दुनिया जानती है कि हमारे बल्लेबाज अच्छी से अच्छी स्पिन गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाकर रख देते हैं।

टीम के अधिकतर खिलाड़ी मसलन विराट, रोहित, बुमराह, जडेजा, शमी, अश्विन और राहुल मई के दूसरे पखवाड़े से देश से बाहर खेल रहे हैं। ज़ाहिर है इस महत्वपूर्ण स्पर्धा तक आते आते वे थक चुके हैं। न्यूजीलैंड से हारने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बुमराह ने भी इस बात को दबी जबान में स्वीकार किया। इससे पहले 2020 की शुरुआत में टीम के न्यूजीलैंड दौरे के वक्त विराट कोहली भी इस तरह का बयान दे चुके हैं कि इस अति व्यस्त शेड्यूल में लगता है कि खिलाड़ी सीधे स्टेडियम में लैंड करेंगे और मैच खेलेंगे। ये बयान यह बताने के लिए काफी है कि खिलाड़ी किस हद तक मानसिक थकान से गुजर रहे हैं। अब इस बात को बोर्ड को भी समझना होगा कि खिलाड़ी मशीन की तरह नहीं खेल सकते। कोई भी खिलाड़ी चाहे वो कितना ही बड़ा क्रिकेटर हो, वह सीधे और साफतौर पर बोर्ड को यह बात कहकर अपना कैरियर खराब नहीं करना चाहेगा। मई महीने से आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल, फिर इंग्लैंड से पाँच टेस्ट मैच, उसके बाद आईपीएल और अब टी20 विश्व कप। इसके बाद भी टीम को राहत नहीं है।

हमने ऐसा पहले कभी नहीं देखा कि भारत की शक्तिशाली बैटिंग स्पिनरों के सामने इस कदर विवश हो जाएगी कि बाउंड्री लगाना तो दूर वे गेंद पर सरकाकर एक-दो रन भी नहीं चुरा पाएंगे। दोनों मैचों में मध्य के ओवरों में टीम की सबसे बड़ी कमजोरी यही साबित हुई। दोनों मैचों में हमारी टीम ने 16 ओवर स्पिन गेंदबाजी के खेले और सिर्फ 74 रन जोड़े और 3 बल्लेबाज स्पिन का शिकार हुए। ये आंकड़े यह दर्शाते हैं कि हमारे बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी खेलने में बुरी तरह नाकाम रहे। वहीं हम भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रविन्द्र जडेजा की बात करें तो हमारे स्पिनर विरोधी टीम के बल्लेबाजों पर प्रभाव डालने में बिल्कुल असफल रहे। दोनों मैचों में हमारे स्पिन गेंदबाजों के 14 ओवरों में बिना कोई विकेट लिए 107 रन खर्च हैं। ये दोनों आंकड़े डराने वाले हैं और टीम मैनेजमेंट को इस कमजोरी काबू पाना होगा।

क्या आईपीएल भी जिम्मेदार है: भारतीय टीम ने पहला टी20 विश्व कप 2007 में जीता था। उस वक्त आईपीएल की शुरुआत नहीं हुई थी। 2008 में पहली बार आईपीएल खेला गया। इसके बाद से यह छटवां टी20 विश्व कप है, पर टीम दोबारा यह खिताब हासिल नहीं कर पाई है। आखिर क्या वजह है कि इतने ज्यादा टी20 मैच खेलने के बाद भी हमारे खिलाड़ी टी20 विश्व कप में जूझते नजर आते हैं। हम मानते हैं कि आईपीएल के जरिए बोर्ड की कमाई के साथ-साथ बहुत से खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। उन खिलाड़ियों के लिए यह बहुत अच्छी बात है, जो खिलाड़ी भारतीय टीम में स्थान नहीं बना पाते। किंतु बोर्ड और खिलाड़ियों को यह अच्छी तरह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल के स्तर में बहुत बड़ा फर्क है और इस फर्क को कम करने के लिए अत्यधिक मेहनत की दरकार होती है।

वक्त है मंथन और बदलाव का: टीम मैनेजमेंट, बोर्ड और चयनकर्ताओं को अब यह सोचना होगा कि आखिर क्या वजह है कि 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से हम कोई भी बड़ा टूर्नामेंट जीत पाने में बुरी तरह विफल साबित हुए है। खबर है कि विराट कोहली एकदिवसीय फॉर्मेट से भी कप्तानी से हटाए जा सकते हैं। अलबत्ता उन्हें टेस्ट कप्तानी में बरकरार रखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में रोहित शर्मा को वनडे और टी20 की कप्तानी दी जा सकती है। अगले दो सालों में टीम को 2022 ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप और फिर अपनी मेजबानी में 2023 में एकदिवसीय विश्व कप खेलना है। 2023 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की भी योजना बनानी है और टीम को नए सिरे से तैयार करना है। नए सिरे से टीम को खड़ा करना बड़ा ही दुष्कर कार्य है, पर इंग्लैंड ने सफलतापूर्वक ऐसा किया है। 2015 के विश्व कप में इंग्लैंड की टीम रुप राउंड में भी बांग्लादेश से हारकर बाहर हो गई थी। इसके बाद इंग्लिश बोर्ड ने सफेद बॉल क्रिकेट में आमूलचूल बदलाव किए और टीम को एक नया नजरिया दिया।नतीजा सबके सामने है। इंग्लिश टीम ने 2019 का विश्व कप जीता है, 2016 टी20 विश्व कप का फाइनल खेला है और फिलहाल इस विश्व कप की प्रबल दावेदार है।

योगेश कुमार गोयल

> *नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्राग्ज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी।*

नरक चतुर्दशी : यम यातना से मुक्ति के लिए दीपदान

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। इस पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीपावली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है।

यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सावधानक के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना

ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्राग्ज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई। धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कलम खुद कोई

कलम खुद कोई चमत्कार नहीं करती अगर हुनर मंद हाथों में आ जाए जाएँ तो बिना चमत्कार किये रहती भी नहीं है. और चमत्कार करने के बाद कहती भी नहीं है. बेजान पड़ी थी कलम मेरी इक कोने में हाथ मे उठायी तो देखा कि ये तो बड़ी माहिर है सच बोलने में नफ्रतों का सर कलम करूँगी एक दिन इसी कलम से। – रेणु जैन

ख़ास पाती — ग़ज़ल थोड़ा ऊपर उठा कर

ग़ज़ल थोड़ा ऊपर उठा कर गिराया बहुत ज़िन्दगी ने भी यूँ आज़माया बहुत शाइरी की रिदा ओढ़ कर दर्द भी , रूबरू आपके मुस्कुराया बहुत । आफ़्रीं आफ़्रीं लोग कहने लगे , हाल दिल का कभी गुनगुनाया बहुत । ठोकरें भी लगीं इन्तिहाँ की तरह ,लड़खड़ाये कदम पर सिखाया बहुत । सूरत ए हाल महँगाई के देखिये , तेरे अच्छे दिनों ने रुलाया बहुत । साथ बेशक़ ज़माना रहे मत रहे , मेरी माँ का ही सर पे है साया बहुत । अब भी हँसता है रावण उड़ाके लगा , यूँ तो हर साल उसको जलाया बहुत । कुछ कहो फ़लसफ़िज़िंदगी के प्रखर , इश्क़ की बारिशों ने नहाया बहुत। – राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'

जीवन के दो रंग हैं जीवन

जीवन के दो रंग हैं, जीवन चलता साथ है सुख भी ,है कष्ट भी, कुछ ना अपने हाथ है उपवन में फूल भी , और वहीं है शूल खुशकिस्मत को माँ मिली,कोई यहां अनाथ।– शालिनी शर्मा

भली कब उसे जाँ निसारी लगे

भली कब उसे जाँ निसारी लगे। सियासी को प्यारी न यारी लगे।। ग़मों ने किया है किनारा अभी, डगर ये ख़ुशी ने बुहारी लगे। वो दाँतों से पछु कुतरने लगी, बढ़ी जा रही बेकरारी लगे। चला हमसफ़र आ रहे दूर कुछ, बिना तेरे सूनी अटारी लगे। बढ़ाकर क़दम रोक लेना हमें, जो हम थे तुम्हें दावेदारी लगे। ख़बर भी न होती जिया ले चुरा, बड़ा तेज छलिया मुरारी लगे। – आशा पांडेय ओझा

मोर छत्तीसगढ़

मोर छत्तीसगढ़ महतारी के रूप अब्बड़ मन भावन हे माथ मा बिंदी, होंठ मा लाली मधुर-मधुर मुस्कावत हे कान मा खिनवा, नाक मा नथली पहिरे हरियर लुगरा सुग्घर गर मा सुर्रा, रुपिया, पुतरी हात मा ककनी, हड़या सुग्घर कनिहां मा करधन बांधे महतारी गोड़ मा पैरी अउ बिछिया सुग्घर करव तोर चरन के बंदना सत -सत नमन हे तोला छत्तीसगढ़ मइया हमर हे छत्तीसगढ़ मइया हमर। – माया देवांगन

कौन किसे बताए,क्या ख़लिश है

कौन किसे बताए,क्या ख़लिश है क्या खला है, सो! बेहतर ये है,मैं बुरा हूँ,एक बस तू भला है, तुझे हर एक से शिकवा तुझे कोई नहीं समझा, अच्छा तू बता तूने कब किसका दर्द समझा है, एक तेरी चश्मे-तर न हुई हाल-ए-अनमोल पर, मेरी सूरत देखकर तो आईना तलक रो पड़ा है, मेरा कोई है ही, नहीं जो जज़्बात भेजता मुझे, ये कौन है जिसने चिट्ठी पे गलत पता लिखा है, तू! तू! एक काम कर झूठी तसल्लियाँ दे मुझे, सुना है! तसल्लियों से आदमी ज़िंदा रहता है। – अनिल अनमोल शर्मा

कौन जाने वो तुम थे या वह

कौन जाने वो तुम थे या वह मेरा ख़्याल जो अक्सर स्वप्निल दीर्घा में आ मुझसे पूछते ढेरों सवाल और विस्तृत बन छा जाते तो मुझे संक्षिप्त कर अपने ज़ेहन में सुनो जो भी हो तुम मेरे आओ की मिल एक विस्तार कर संक्षिप्त हो जाएं एक दूजे में हम। – सुरेखा अग्रवाल

ग़म मुझपर तब हमलावर हुआ

ग़म मुझपर तब हमलावर हुआ जब लोग खुशी तलाश रहे थे और मैं बांट रहा था ख़ुशी ग़म को भी मुझसे शायदकिसी ख़ुशी की उम्मीद थी और उसकी उम्मीद ज़ाया नहीं गयी ग़म भी अब मुझमें बेहद ख़ुशी से रहता है। – अमित कुमार अम्बष्ट

देशभक्त होने की ये क़ीमत चुकाएँगे

देशभक्त होने की ये क़ीमत चुकाएँगे हमारे विद्यार्थी। पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने वाले कश्मीरी छात्रों का विरोध करने वाले यूपी, बिहार के छात्रों को पंजाब में छात्रावास से बाहर निकालना लोकतंत्र को गाली है। देशप्रेमी होने का ये सिला मिलेगा अब इस देश में। – सचिन चौधरी

QUIZ TIME

1) किस बैंक ने दुकानदारों और व्यापारियों को उनकी नकदी की कमी को दूर करने में मदद करने के लिए 'दुकानदार ओवरड्राफ्ट योजना' शुरू की है?

2) एस-500 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसका हाल ही में किस देश द्वारा सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया?

3) किस भारतीय राज्य में उच्च सड़क सघनता है? (जम्मू-कश्मीर / केरल)

4) इटली का यात्री निकोलो कोण्टी किसके शासन काल में भारत आया था?

5) विश्व के पहले 3डी प्रिंटेड स्टेनलेस स्टील ब्रिज का अनावरण किस शहर में किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) एचडीएफसी बैंक (2) रूस (3) केरल (4) देवराय । (5) एम्स्टर्डम (नीदरलैंड)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1493 - क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की। 1655 - इंग्लैंड और फ्रांस ने सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये। 1762 - ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई। 1796 - जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये। 1857 - नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने के लिये के आदेश। 1869 - कनाडा में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया। 1903 - पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली। 1938 - 'असम हिन्दी प्रचार समिति' नामक एक संस्था कायम की गई। 1948 - भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया। 1958 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1962 - चीन के हमले के मद्देनजर भारत में गोल्ड बॉन्ड स्कीम की घोषणा की गयी। 1984 - भारत में सिख विरोधी दंगों में तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत। 1997 - जी-15 समूह का सातवां शिखर सम्मेलन कुआलालम्पुर में प्रारम्भ। 2000 - भारत सरकार द्वारा डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिये शुरू की गयी। 2001 - अमेरिका ने लश्कर व जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया। 2002 - नखोम पाथोम की बैठक में लिट्टे ने राजनीति की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। 2008 - यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया ने अपनी उधारी दरों में 0.5 प्रतिशत की कमी की। 2011 - फ्रांस के कैन्स में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हुआ, जिसमें यूरोजोन ऋण संकट पर चर्चा की गई।

सलमान की फिल्म 'अंतिम' का दूसरा गाना 'भाई का बर्थडे' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान और आयुष शर्मा की फिल्म 'अंतिमः द फाइनल ट्रूथ' का दूसरा गाना 'भाई का बर्थडे' रिलीज हो गया है। सलमान खान-आयुष शर्मा की फिल्म 'अंतिमः द फाइनल ट्रूथ' का दूसरा गाना 'भाई का बर्थडे' रिलीज कर दिया गया है। 'भाई का बर्थडे' के वीडियो में आयुष शर्मा फिल्म में अपने भाई (डॉन) जन्मदिन मनाते नजर आ रहे हैं। फिल्म में पुलिस की भूमिका निभाने वाले सलमान खान डांस पार्टी का गेट क्रैश करते हुए भांगड़ा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस गाने को हितेश मोदक ने कम्पोज किया है और साजिद खान ने गाया है। गाने के लिरिक्स नितिन रायकर ने लिखे हैं और मुदस्सर खान ने कोरियॉग्राफकिया है। गौरतलब है कि महेश मांजरेकर निर्देशित 'अंतिम' में सलमान और आयुष शर्मा भी लीड रोल में हैं। फिल्म में सलमान पुलिस वाले और आयुष गैंगस्टर के किरदार में नजर आने वाले हैं। '

भारत को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में बुरी तरह हार मिली

हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा आज भारत

अबू धाबी (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम यहां टी-20 विश्व कप में बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफमुकाबले में अपनी हार का सिलसिला रोकने उतरेगी। हालांकि उसके सामने अफगानिस्तान का विश्वस्तरीय स्पिन गेंदबाजी अटैक होगा। भारत को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफशुरुआती दो मैचों में बुरी तरह हार मिली थी।

अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे शुरू होने वाला सुपर 12 चरण का यह मुकाबला काफी कुछ तय करेगा। इस मुकाबले से ग्रुप दो में स्थिति कुछ हद तक स्पष्ट हो जाएगी। इस मैच में हार के साथ भारतीय टीम की टूर्नामेंट में आगे जाने के उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो जाएंगी, जबकि अफगानिस्तान जीत के साथ टॉप दो में बना रहेगा। उसका नेट रन रेट भी काफी अच्छा है। भारतीय टीम की हालांकि बड़े अंतर से मैच जीतने की स्थिति में उम्मीदें बरकरार रह सकती हैं।

दोनों टीमों के प्रदर्शन की तुलना करें तो अफगानिस्तान ने अब तक भारत से कहीं बढ़िया क्रिकेट खेल कर दिखाया है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अफगान खिलाड़ियों ने खुद को साबित किया। टीम की गेंदबाजी तो ठीक थी ही, लेकिन इस बार बल्लेबाजों ने भरोसेमंद प्रदर्शन किया है। उसकी बल्लेबाजी कितनी अच्छी रही है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मौजूदा टी-20 विश्व कप सीजन में अब तक सर्वाधिक टीम स्कोर (190) अफगानिस्तान के ही नाम है जो उसने स्कॉटलैंड के खिलाफअपने पहले लीग मैच में बनाया था। वहीं गेंदबाजी में करिश्माई स्पिनर राशिद खान, मुजीब उर-रहमान और कप्तान मोहम्मद नबी के अलावा नवीन उल-हक अच्छे दिखे हैं। मुजीब के खेलने पर हालांकि अभी अनिश्चितता बनी हुई है। दूसरी ओर अब तक बल्ले और गेंद के साथ जूझती दिखी भारतीय टीम के सामने अफगानिस्तान के वर्ल्ड क्लास स्पिन गेंदबाजी को खेलने की मुश्किल चुनौती होगी। भारत का टॉप और मिडल आर्डर टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता है। लोकेश राहुल, रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव अब तक ज्यादा कुछ नहीं कर पाए हैं और अब उन्हें अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी के आगे खुद को साबित करना होगा। भारतीय गेंदबाज भी अब तक फीके दिखे हैं। उनसे उस तरह की गेंदबाजी देखने को नहीं मिल रही है, जिसने भारत को कई मैच जिताए हैं। प्रमुख एवं विकेटटेकिंग गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में दो विकेट मिले थे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में वह भी संघर्ष करते दिखे थे। मोहम्मद शमी और भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाजों का प्रदर्शन भी सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

शिवा थापा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

बेलग्रेड(वार्ता)। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भारत के शिवा थापा ने यहां सोमवार को सर्बिया के बेलग्रेड में जारी 2021 एआईबीए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्हें मिला कर अब कुल पांच भारतीय मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में हैं, जो आज रात अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगे। परिणामस्वरूप भारत के पास पदक सुनिश्चित करने के कई मौके हैं।

अनुभवी मुक्केबाज थापा ने सोमवार को 63.5 किलोग्राम भार वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के अपने प्रतिद्वंद्वी लूनस हमराउई को 4-1 के स्प्लिट फैसले से हराया। पांच बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आज शाम को क्वार्टर फाइनल में तुर्की के केरेम ओजमेन के साथ भिड़ेंगे। वह इवेंट में अपना दूसरा पदक हासिल करने से सिर्फएक जीत दूर हैं।

थापा के अलावा क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अन्य चार भारतीय मुक्केबाजों में आकाश कुमार (54 किग्रा), निशांत (71 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (+92 किग्रा) शामिल हैं जो आज रिंग में उतरेंगे। 54 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में आकाश का सामना वेनेजुएला के योएल फिनोल से होगा। वहीं 71 किग्रा वर्ग में निशांत का सामना रूस के वादिम मुसाएव से होगा, जबकि नरेंद्र का सामना अजरबैजान के मोहम्मद अब्दुल्लायेव और संजीत का मुकाबला इटली के अजीज अब्बास मौहिदीन से होगा।

नया वार्षिक सूचना विवरण जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। आयकर विभाग ने अनुपालन पोर्टल पर नया वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) जारी किया है, जोकि ऑनलाइन प्रतिक्रिया (फीडबैक) प्राप्त करने की सुविधा के साथ करदाताओं को आयकर से संबंधित सूचनाओं के बारे में एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नई ई-फाइलिंग पोर्टल पर 'सेवा' टैब के तहत 'वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस)' लिंक पर क्लिक करके इस एआईएस का उपयोग किया जा सकता है। फॉर्म 26एएस समानांतर रूप से ट्रेसेस पोर्टल पर भी तब तक जारी रहेगा जब तक कि एआईएस पूरी तरह से मान्य और कारगर नहीं हो जाता।

इस नए एआईएस में ब्याज, लाभांश, प्रतिभूति लेनदेन, म्यूचुअल फंड लेनदेन, विदेशी अदायगी आदि से संबंधित अतिरिक्त जानकारी शामिल है। दोहरी (डुप्लिकेट) जानकारी को हटाने के उद्देश्य सेदर्ज की गई जानकारी को संसाधित किया गया है। करदाता एआईएस से जुड़ी जानकारी को पीडीएफ जेएसओएन, सीएसवी प्रारूपों में डाउनलोड कर सकेंगे। अगर किसी करदाता को यह लगता है कि दी गई जानकारी गलत है, उस जानकारी का संबंध अन्य व्यक्ति/वर्ष, दोहरे होने (डुप्लीकेट) आदि से है, तो उसे ऑनलाइन प्रतिक्रिया (फीडबैक) देने की सुविधा प्रदान की गई है। विस्तृत रूप से अनेक सूचनाएं प्रस्तुत करकेभी प्रतिक्रिया दी जा सकती है। करदाताओं कोऑफलाइन तरीके से एआईएस को देखने और प्रतिक्रिया अपलोड करने के लिए एक एआईएस संबंधी यूटिलिटी भी प्रदान की गई है। दर्ज किए गए मूल्य और प्रतिक्रिया देने के बाद के मूल्य को एआईएसमें अलग से दिखाया जाएगा। अगर दी गई सूचना को संशोधित/अस्वीकार किया जाता है, तो इसकी पुष्टि के लिए सूचना प्रदान करने वाले स्रोत से संपर्क किया जा सकता है।

प्रत्येक करदाता के लिए एक सरलीकृत करदाता सूचना सारांश (टीआईएस) भी तैयार किया गया है, जोकि रिटर्न दाखिल करने में आसानी के उद्देश्य से करदाता के लिए समग्र मूल्य को दर्शाता है। करदाता सूचना सारांश (टीआईएस) संसाधित मूल्य (अर्थात पूर्व-निर्धारित नियमों के आधार पर सूचना के दोहराव को समाप्त करने के बाद उत्पन्न मूल्य) और गणना किए गए मूल्य (अर्थात करदाता की प्रतिक्रिया और संसाधित मूल्य पर विचार करने के बाद गणना किया गया मूल्य) को दर्शाता है। अगर करदाता एआईएस के बारे में प्रतिक्रिया प्रस्तुत करता है।

बजाज फाइनैंस लिमिटेड ने धमाकेदार तरीके से अपने दिवाली कैंपेन है ना की शुरुआत की

अलग-अलग श्रेणी एवं ब्रांड्स के उत्पादों पर खास ऑफ़र

रायगढ़। लोग बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आने वाले त्योहारों की तैयारियों में जुटे हैं, और ऐसे मौके पर बजाज फाइनैंस लिमिटेड ने बजाज फिनसर्व डायरेक्ट लिमिटेड के साथ मिलकर अपने दिवाली कैंपेन 'EMI है ना' की धमाकेदार शुरुआत की है। इसके तहत बजाज फिनसर्व डायरेक्ट लिमिटेड के बजाज फिनसर्व EMI स्टोर (www.emistore.com) के जरिए अलग-अलग ब्रांड्स के तरह-तरह के प्रोडक्ट्स की श्रृंखला पर खरीदारी करने पर ग्राहकों

आकर्षक छूट और कैशबैक का प्रस्ताव दिया जा रहा है। ग्राहक बेहद मामूली डाउन-पेमेंट के साथ विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, घरेलू उपकरणों, स्मार्टफोन, स्मार्टवॉच, फर्नीचर, फिटनेस उपकरण, घरेलू साज-सज्जा के सामान, एक्सेसरीज़, किचन अप्लायंसेस तथा इसी तरह के अन्य सामानों की खरीद पर जबरदस्त छूट का फायदा उठा सकते हैं। यह कैंपेन 15 नवंबर, 2021 को समाप्त होगा।

इस कैंपेन का जिंगल बेहद आकर्षक है, जो ज्यादा कीमत वाले अपने पसंदीदा लाइफ़स्टाइल प्रोडक्ट्स की खरीदारी करते समय भारत के ज्यादातर मध्यवर्गीय ग्राहकों के मन में आने वाली भावनाओं को दर्शाता है। 'EMI है ना' कैंपेन के जरिए, यह ब्रांड देश के अलग-अलग शहरों में रहने वाले सभी ग्राहकों को अपने पसंदीदा सामानों की कभी भी, और कहीं भी खरीदारी करने और इससे होने वाले फायदे का अनुभव करने में सक्षम बनाता है।

न्यूज गैलरी

हमारे गेंदबाजों के पास ज्यादा अनुभव नहीं था : शनाका

शारजाह (वार्ता)। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने इंग्लैंड से मिली हार और विश्व कप से बाहर हो जाने के बाद कहा कि हमने शुरुआत में काफी अच्छी गेंदबाजी की। हालांकि हमारे गेंदबाजों के पास ज्यादा अनुभव नहीं है। शनाका ने कहा,''कई खिलाड़ियों के लिए यह पहला विश्व कप है लेकिन जैसे-जैसे हम इस टूर्नामेंट में आगे बढ़ रहे हैं हमारे गेंदबाज काफी कुछ सीख रहे हैं। हमें पता था कि ओस गेम में आने वाली है और इसका हमें फायदा मिलेगा लेकिन हम ऐसा नहीं कर सके।''

टीम के प्रदर्शन पर मुझे गर्व है :मोर्गन

शारजाह (वार्ता)। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन 20 विश्व कप मुकाबले में सोमवार को मिली 26 रन की जीत के बाद कहा कि हमारी टीम ने जिस तरीके का प्रदर्शन किया, उस पर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। मोर्गन ने मैच के बाद कहा,''कंडीशन काफी मुश्किल थी। मिल्स मैदान से बाहर थे। इसके बावजूद हम मैच जीत गए। बटलर ने शायद आज राष्ट्रीय टीम से खेलते हुए सबसे बढ़िया पारी खेली। उसकी पारी के कारण हम बढ़िया स्कोर तक पहुंच सके। उसके स्किल्स काफी बढ़िया है और उन्होंने आज ठंडे दिमाग के साथ बल्लेबाजी की। मुझे भरोसा था कि मैं अच्छी बल्लेबाज़ी कर सकता हूं। मैने और जोस ने एक बढ़िया साझेदारी की। अपने नाबाद शतक से प्लेयर ऑफ द मैच बने जोस बटलर ने मैच के बाद कहा,'' आज की पारी में मैंने काफी धैर्य के साथ बल्लेबाज़ी की।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

बिलासपुर। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भारत माता उच्चतर माध्यमिक शाला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन कराया गया , इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीप्ति डिमरी, क्षेत्र प्रमुख श्री संजय, उप क्षेत्र प्रमुख मनोज सर, मुख्य प्रबंधक देवेश श्रीवास्तव आदि अन्य अधिकारी मौजूद रहे, कार्यक्रम का हिस्सा रहे अधिकारियों ने समाज में फैल रहे भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी साथ ही बताया कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए जिससे वो अपने मूल अधिकारों को जान सके, भारत माता विद्यालय की ओर से सेक्रेट्री देवसिया मणिमाला और प्रधानाचार्य एस पंकज भी कार्यक्रम का हिस्सा रहे। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया निरंतर ही समाजिक सेवा में अपना योगदान देता आया हैं

बटलर का नाबाद शतक, जीत के चौके के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल में

शारजाह (वार्ता)। सलामी बल्लेबाज जोस बटलर (नाबाद 101) के शानदार पहले शतक से इंग्लैंड ने श्रीलंका को आईसीसी टी 20 विश्व कप में ग्रुप एक के मुकाबले में सोमवार को 26 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड ने 20 ओवर में चार विकेट पर 163 रन का मजबूत स्कोर बनाया और श्रीलंका को अंतिम पांच ओवरों में लुढ़काते हुए उसे 19 ओवर में 137 रन पर ढेर कर दिया। इंग्लैंड ने लगातार चौथी जीत हासिल की और आठ अंकों के साथ अंतिम चार में स्थान बना लिया। दूसरी तरफ श्रीलंका को चार मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा और इस हार के साथ विश्व कप में उसका सफर समाप्त हो गया है।

एनएमडीसी का अक्तूदबर माह में अब तक का सर्वश्रेष्ठा प्रदर्शन

हैदराबाद। एनएमडीसी ने अपने ही प्रदर्शन को बेहतर करते हुए अक्तूबर माह में लौह अयस्कब का 3.33 एमटी उत्पा दन किया तथा 3.58 एमटी बिक्री की। खनन क्षेत्र के इस प्रमुख संगठन ने उत्पाबदन में 37% की वृद्धि दर्ज की जो इसकी स्था5पना से लेकर अब तक किसी भी अक्तूबर माह में सर्वाधिक है तथा घरेलू मांग के मजबूत होने से लौह अयस्कृ की बिक्री में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 42 त्न की वृद्धि की।

वित्ता वर्ष 2020 के प्रथम 7 महीनों के उत्पालदन एवं बिक्री आंकड़े अक्तूअबर, 2021 में क्रमशः 21.04 एमटी एवं 22.08 एमटी रहे जो किसी भी अक्तूमबर माह में अब तक का सर्वोत्तकम प्रदर्शन है। कंपनी ने उत्पामदन में 43 त्न की वृद्धि हासिल की जिसमें इस माह के दौरान दोणिमलै से किया गया 0.5 एमटी का उत्पाशदन शामिल है तथा पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले बिक्री में 43 % की वृद्धि हुई।

श्री सुमित देब, अध्यकक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने एक और जबरदस्ता प्रदर्शन के लिए एनएमडीसी टीम को बधाई दी और कहा कि, भारत के सबसे बड़े लौह अयस्के उत्पावदक के रूप में एनएमडीसी का निष्पा दन खनन एवं विनिर्माण क्षेत्र के मौजूदा सकारात्म क बाजार का शुभ संकेत है। अक्तूनबर के उत्सव वाले माह में हमें प्रसन्न ता के अनेक अवसर प्राप्तस हुए हैं। मैं अपनी टीम को इस माह भी उत्कृष्टन प्रदर्शन करने के लिए बधाई देता हूं तथा एनएमडीसी परिवार के प्रत्येरक सदस्य की ओर से उत्सइवों की शुभकामनाएं देता हूं।

अक्टूबर में निर्यात 42 प्रतिशत बढ़कर 35.47 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर मांग में सुधार होने से इस वर्ष अक्टूबर में देश का निर्यात 42.33 प्रतिशत बढ़कर 35.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले वर्ष इसी महीने में 24.92 अरब डॉलर रहा था। निर्यात अब कोरोना से पूर्व स्तर को भी पार कर गया है। अक्टूबर 2019 में निर्यात 26.23 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में आयात 55.37 अरब डॉलर रहा जो अक्टूबर 2020 के 34.07 अरब डॉलर के आयात की तुलना में 62.49 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर 2019 में आयात 37.99 अरब डॉलर रहा था। इस तरह से इस वर्ष अक्टूबर में व्यापार घाटा 19.9 अरब डॉलर का रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान यह 98.71 अरब डॉलर रहा है। चालू वित्त वर्ष में सरकार ने 400 अरब डॉलर का निर्यात का लक्ष्य रखा है और अप्रैल से अक्टूबर के दौरान 232.58 अरब डॉलर रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 150.53 अरब डॉलर की तुलना में 54.51 प्रतिशत और अप्रैल अक्टूबर 2019 की तुलना में 25.45 प्रतिशत अधिक है।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में निर्मित एलआईजी फ्लैट क्र.-185, ब्लाक-08, पंचम तल श्रीमती किरण चौधरी पति श्री सुरेश कुमार चौधरी के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र. 1463 दिनांक 09.04.2021 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी द्वारा दिनांक 10.06.2021 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को क्रेता श्री सौरभ चौरसिया पिता श्री ओ.पी. चौरसिया निवासी- हाउसिंग बोर्ड कालोनी, रेल्वे क्रांसिंग के पास, कचना फाटक, कचना रोड, ब्लाक नं. 8, फ्लैट नं. 186, पंचम तल खम्हारडीह शंकर नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 11.10.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री सौरभ चौरसिया पिता श्री ओ.पी. चौरसिया द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के फ्री होल्ड उपरांत नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

आम सूचना

यह कि मैं अधिकृत अधिवक्ता भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटे गुरूकृपा काम्पलेक्स सहदेव नगर बसंतपुर रोड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एव निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूं कि मेरे पक्षकार श्रीमती चंद्रकला दुष्यंत घोडेला पति श्री दुष्यंत घोडेला निवासी- देऊलभट्‌टी पो. अरमूरकसा तह. कोर्ची जिला गढ़चिरौली (छ.ग.) द्वारा दिए गए अधिकार उपरांत विक्रेतागण (1) जुबेदा बी. पति श्री अब्दुल गनी (2) कमल आ. अब्दुल निवासी लखोली तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) क्रेता केशवराम देवांगन आ. स्व. रामदयाल देवांगन निवासी- लखोली रोड बर्फ फैक्टरी के पास तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के नाम पर हक भूमि स्वामी जमीन वाके मौजा लखोली प.ह.नं. 42 तह. व जिला राजनांदगांव के तहत नजूल शीट नं. 77 डी, प्लाट नं. 24/1, रकबा 35.00 वर्गमीटर, 376.60 वर्गफीट रजिस्ट्री दिनांक 11/10/2021 को रजिस्ट्री कहीं गुम गया है, उक्त मूल रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरूपयोग ना करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज करायी गई है, अतएव आम जनता जो कि उक्त प्लाट/भूमि के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात किसी प्रकार का दावा, आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा।

सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित।

जयराम भागवानी
प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में न्यू आदर्श नगर दुर्ग
मो. नं.- 93028-38684

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्र. एलआईजी-1150 कु. माधुरी नायक पिता श्री कमलचंद नायक के नाम इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र.-5970 दिनांक 08.11.2006 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 29.02.2008 को पंजीकृत उपरांत दिनांक 30.08.2014 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को आबंटी कु. माधुरी नायक पिता कमलचंद नायक पता- दीनदयाल वार्ड, अनुपमा चौक, जगदलपुर, तहसील व जिला जगदलपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री मनोज भुवाल पिता श्री माधो सिंह भुवाल पता-ई-79, मानस भवन, समता कालोनी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दि. 08.10.2014 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री मनोज भुवाल पिता श्री माधो सिंह भुवाल द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/भूखंड के फ्री होल्ड पश्चात नामांतरण किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202111100900001
विषय-अ-74 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
चंगोरी प.ह.नं. 00018 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - नीलकंठ
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम चंगोरी प.ह.नं. 18 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नीलकंठ निर्मलकर पिता स्व. फिरंता राम निर्मलकर निवासी ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम चंगोरी प.ह.नं. 18 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज भूमि ख.नं. 104, 107, 108 रकबा क्रमशः 0.20, 0.10, 0.11 हे. का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक नीलकंठ पिता स्व. फिरंता राम द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 22/11/2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 02/11/2021 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

AXIS BANK

एक्सिस बैंक लिमि.
असेट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स, नया बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर-492004

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

नियंत्रण कार्यालय: एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग कंपाउंड, पांडूरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम के नियम 8(6) के भाव निहित हैं, अचल व चल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

इस नोटिस के जरिए आम जनता व कर्जदारों/गारंटरों को खास तौर पर सूचित किया जाता है सुरक्षित लेनदार की ओर गिरवी/प्रभारित रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति का रचनात्मक व प्रतिकात्मक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अपने अधिपत्य में ले लिया है। और अब इसकी बिक्री 24.11.2021 को **'जैसा है जहां है', 'जो है जैसा है'** एवं **'जो भी है'** के आधार पर होगी, ताकि **11,14,485/- रुपए** के कर्ज की वसूली ब्याज, अधिभार व अन्य व्ययों के साथ की जा सके। यह राशि **श्रीमती सावित्री सिंह राजपूत एवं श्री लक्ष्मण सिंह राजपूत** की ओर से सुरक्षित लेनदार को देय है। यह राशि **21.10.2016** तक की स्थिति में बकाया है। संपत्ति 1 के लिए आरक्षित मूल्य **4,95,570/- रू.** है। और इसके लिए जमा की जाने वाली अग्रिम राशि **49,557/- रू.** होगी।

खाता सं.	बिक्री के लिए निकाली गई कब्जा की गई गिरीवी रखी गई अचल संपत्ति का स्थान व ब्योरा (जो कुछ भी उचित हो)	बैंक को इस प्रापर्टी पर ऋणभार संबंधी कोई जानकारी
लोन नं. PHR013901409074	निर्मित भवन एवं परिवर्तित भूमि के समस्त भाग व खण्ड, मकान/प्लाट नं. एलआईजी-49, कुल क्षेत्रफल 899.75 वर्गफीट, शीर्षक/बिक्री विलेख दिनांक 8.6.2015, छत्तीसगढ़ गृह	बैंक की जानकारी के मुताबिक संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है।

निर्माण मण्डल रायपुर सब डिवीजन : 3, मौलश्री विहार पुरैना, ग्राम- मुनगी, मंदिर हसौद, प.ह.नं. 13, तहसील आरंग, उप तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़. पिन- 492001 इस संपत्ति के मालिक सावित्री सिंह राजपूत हैं।

सीमाएं :- उत्तर- एलआईजी-44, दक्षिण- 7.5 मीटर मार्ग, पूर्व- एलआईजी-48, पश्चिम- एलआईजी-50

बिक्री संबंधी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करें सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट- https://www.axisbank.com/auction.notices

दिनांक : 03.11.2021, स्थान : रायपुर **प्राधिकृत अधिकारी/एक्सिस बैंक लिमिटेड**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित साजा

विद्युत कंपनी की ओर से सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देती है। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व पर विद्युत की शिकायत को दूर करने हेतु दिनांक 04 एवं 05 नवंबर 2021 को सायं 04.00 से 12.00 बजे तक साजा संभाग के विभिन्न स्थलों पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से निरंतर बनाए रखने तथा ब्रेक डाऊन होने पर अतिशीघ्र सुधार कार्य करने के उद्देश्य से निम्नलिखित अधिकारियों/ कर्मचारियों की निम्नानुसार ड्यूटी लगाई जाती है। छ.रा.वि.वि.कं. सम्माननीय उपभोक्ताओं से निवेदन करता है कि विद्युत खम्भों एवं ट्रांसफार्मर के आजू-बाजू या आस-पास और विद्युत तारों के नीचे पटाखें व जलावें ताकि अप्रिय घटना न घटें।

क्रं.	स्थान का नाम	वाहन क्र.	प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी का नाम एवं पद	मोबाईल क्रमांक	संबंधित क्षेत्र/ग्राम
1	साजा संभाग	CG07 BX 4222	श्री रूपेश कुमार जोशी, सहा. अभि. (कार्या.)	9171879436 7000920476	साजा संभाग
2	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र साजा	CG25 D 5756	श्री दीक्षांत चुरेन्द्र, सहा. अभि. साजा श्री विजय साहू लाईनमेन	7587436966 9171879613	साजा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
3	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मोहगांव	CG25 E 7926	श्री घनश्याम साहू, लाईनमेन	7566097597	मोहगांव उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
4	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवकर		श्री मनोहरलाल साहू, सहा. लाईनमेन	9981338022	ठेलका उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
5	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सोमईकला		श्री दुष्यंत निषाद, परि.श्रेणी- 03	9171879620	सोमईकला उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
6	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र थानखम्हरिया	CG07 BE 9269	श्री दुष्यंत टंडन, कनि., अभि. थानखम्हरिया श्री वीरेन्द्र तिवारी, लाईनमेन	8770796279 9171881936	थानखम्हरिया उ.कें. के अंतर्गत ग्राम
7	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हाटरांका		श्री पवन कुमार नायक, परी. सहा.-01 श्री नवीन कुमार साहू, परी. लाईन	9977581673 9340118571	हाटरांका उपकेंद्र के अंतर्गत ग्राम
8	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवकर	CG25 J 0046	श्री वरदान खलखो, सहा. अभि., देवकर श्री मनोज पटेल, परी. श्रेणी-03	7974741797 9340358138	देवकर उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
9	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र परपोड़ी	CG07 BQ 1543	श्री मिलेश साहू, कनि. अभि., परपोड़ी श्री आनंदराम सिन्हा, लाईन, सहा. श्रेणी-01	9425521416 9171879637	परपोड़ी उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
10	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बोरतरा		श्री द्वारिका निर्मलकर, सहा. लाईनमेन	9406079895	बोरतरा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
11	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवरबीजा	CG25 E 7002	श्री प्रकाश साहू, कनि. अभि. देवरबीजा श्री सुरेश बघेल, परी. श्रेणी-02	8817740300 8827375683	देवरबीजा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
12	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खैरझिटी		श्री पोषन पटेल, लाईनमेन	9171879629	खैरझिटी उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
13	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोदवा		श्री रमाशंकर यादव, तकनिशियन वितरण	9131636780	कोदवा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
14	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेरला	CG05 AE 6823	श्री रंजीत मरीलांगे, सहा. अभि. बेरला श्री ढाल सिंह वर्मा, सहा. लाईनमेन	7000231249 9171882893	बेरला उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
15	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलघट	CG25 E 6239	श्री जीवन लाल वर्मा, लाईनमेन	7898320698	सिलघट उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
16	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सोढ़		श्री राजकुमार पटेल, परी. श्रेणी-02	7987793858	सोढ़ उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
17	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सरदा	CG25 K 6231	श्री प्रकाश रामटेके, कनि, अभि., बेरला श्री मुकेश यादव, परी. श्रेणी-02	7240844277 9171882912	सरदा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
18	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र आनंदगांव		श्री बी. कामेश्वर राव, परी. श्रेणी-01	7179520851	आनंदगांव उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
19	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बारगांव		श्री भानुप्रताप सिंह, परी. लाईन	6261616545	बारगांव उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
20	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पिरदा	CG25 H 5729	श्री नवीन वर्मा, कनि. अभि., भिंभौरी श्री सतानंद साहू, लाईनमेन	8770558290 9171879644	पिरदा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
21	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेवनारा		श्री बलराम ध्रुव, लाईन सहा. श्रेणी-01	9171879621	नेवनारा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम
22	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गोंडगिरी		श्री योगेन्द्र साहू, सहा. लाईनमेन	7389775724	गोंडगिरी उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम

उपरोक्तानुसार सभी सहायत यंत्री/कनिष्ठ यंत्री विद्युत व्यवस्था के लिए सतत निगरानी रखेंगे तथा दीपावली पर्व पर सभी तकनीकी कर्मचारियों की ड्यूटी पदानुसार महत्वपूर्ण जगहों पर दिया जावें, साथ ही यह सुनिश्चित करें की वाहन एवं कर्मचारी उल्लेखित समय के पूर्व सुरक्षा सामग्री व सुधार सामग्री सहित गंतव्य स्थान पर उपस्थित हो जावें।
विद्युत व्यवस्था में गड़बड़ी होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता से दूरभाष क्रमांक 7089307099 पर संपर्क करें।

''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा की बचत करें''

इंजी. डी.के. राक्षे (09450320)
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे. पा.डिस्ट्री. कं. लिमि. साजा

मुख्यमंत्री ने राज्योत्सव के अवसर पर किसानों को दिया दीपावली का तोहफा

- जिले के 1 लाख 86 हजार 475 किसानों के खाते में 123 करोड़ 90 लाख रूपए की राशि की गई अंतरित
- किसानों के जीवन में आई समृद्धि और खुशहाली

राजनांदगांव। राज्योत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त की राशि आज जिले के 1 लाख 86 हजार 475 किसानों के खाते में 123 करोड़ 90 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने किसानों को दीपावली का तोहफा दिया है। जिससे जिले किसानों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि अब तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 371 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि किसानों को दी गई है। किसानों की यह दीवाली खास रहेगी। शासन की योजना के अंतर्गत पहले दो किश्त की राशि से किसानों को बहुत फायदा हुआ था। जिससे उन्होंने खेती-किसानी के उपकरण एवं सामग्री तथा घर के लिए आवश्यक सामान खरीदा था। जिले में शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना के परिणाम प्रभावी रहे हैं और इससे उनके जीवन में खुशहाली आई है।

राज्योत्सव के अवसर पर स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही आकर्षक प्रस्तुति

- करमा, पंथी, सुआ, सैला, बैगा, राउत, गेंडी जैसे लोक नृत्य को देखकर दर्शक हुए अभिभूत
- ऊर्जा एवं उत्साह से भरपूर पंथी नृत्य की रही मोहक प्रस्तुति

राजनांदगांव। राज्योत्सव के अवसर पर आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर करमा, पंथी, सुआ, सैला, बैगा, राउत, गेंडी जैसे लोक नृत्य को देखकर दर्शक अभिभूत हुए। ऊर्जा एवं उत्साह से भरपूर पंथी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी द्वारा छत्तीसगढ़ी बारहमासी गीत, शासकीय हाई स्कूल पेण्ड्री द्वारा सुआ नृत्य, दिग्विजय कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी मिले-जुले गीत, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला द्वारा महुआ झरे व राउत नृत्य, शासकीय हाई स्कूल अंजोरा द्वारा गेंडी नृत्य, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा रोल प्ले, एनजीजीबी, वैक्सीनेशन, सुपोषण, अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजेभाठा द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, एकलव्य आवासीय विद्यालय राजनांदगांव द्वारा कर्मा नृत्य, आस्था मूक बधिर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी राजगीत का रिकार्डेड गीत व सांकेतिक प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गेंडी, सैला, बैगा नृत्य, गीत व गजल की प्रस्तुति की प्रस्तुति दी गई।

स्थानीय कलाकार जयबूढ़ादेव समिति ग्राम कोदवा छुईखदान द्वारा कर्मा नृत्य, जय सांडादेव समिति ग्राम हरडुवा घुमका द्वारा राउत नाचा, चक्रधर कत्थक कला केन्द्र राजनांदगांव द्वारा कत्थक नृत्य, पंथी लोक नृत्य समिति ग्राम सांकरा सोमनी द्वारा पंथी लोक नृत्य, रंगझाझर लोकला मंच ग्राम रेंगाकठेरा द्वारा लोककला की प्रस्तुति दी गई।

जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में जनसामान्य ने दिखाया विशेष रूझान

- फोटो प्रदर्शनी में विकास कार्यों और लोक कल्याणकारी योजनाओं की झांकी से प्रभावित हुए नागरिक
- शासकीय योजनाओं पर आधारित क्विज कॉम्पिटिशन में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

राजनांदगांव। जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी में जनसामान्य ने विशेष रूझान दिखाया। युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं सभी वर्ग के लोगों ने समस्त विभागों के योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। फोटो प्रदर्शनी में जिले के विकास कार्यों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की झांकी प्रस्तुत की गई। जनसामान्य को जनमन, कोरोना गाईड, मार्गदर्शिका मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, मार्गदर्शिका राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मार्गदर्शिका राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, आदिवासी हित सबसे आगे किताबों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शासकीय योजनाओं पर आधारित क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के पाम्पलेट - लोक कलाकार मान के दूर होही तंगी छत्तीसगढ़ सरकार हवय उंखर संगी, वनोपज से वन आश्रितों के जीवन में बहार आदिवासियों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मॉडल जनसशिक्तकरण से आर्थिक विकास, राम वनगमन पथ, लोक परंपराओं और संस्कृति का उजास का भी वितरण किया गया। नागरिकों ने स्टाल में मिल रही योजनाओं की जानकारी की तारीफ की। 87 वर्षीय बुजुर्ग श्री धरम सिंह भाई परमार ने योजनाओं की जानकारी का सेट प्राप्त होने पर प्रशंसा की।

जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी में आज शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन के लिए उपहार भी दिए गए। उन्हें प्रेरक किताबें एवं पेन उपहार में दिया गया। इस अवसर पर दिग्विजय कॉलेज के पीजीडीसीए के विद्यार्थी श्री करण साहू ने जनसंपर्क के स्टाल की प्रशंसा की। वहीं लोक कलाकार श्री रौशन लाल साहू ने तथा व्यवसायी श्री आशुतोष मैथ्यू ने भी भाग लिया। पुलिस विभाग एवं नर्सिंग स्टाफतथा आम नागरिकों ने जनसंपर्क की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रतियोगिता में भी भाग लिया।

क्विज प्रतियोगिता में राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष कितनी सहायता राशि प्रदान की जायेगी, छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना में प्रोत्साहन राशि, राज्य की च्वाइस योजना, गौठान का विकास, स्वामी विवेकानन्द युवा योजना के तहत किस आयु वर्ग के युवाओं को लाभर्थियों के रूप में शामिल किया गया है, छत्तीसगढ़ राज्य में दीदी बैंक, धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने, टोकन, भुगतान जानकारी प्राप्त करने के लिए एप, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त 2021 को कितने जिले निर्माण की घोषणा की है।

राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल से जनसामान्य हुए लाभान्वित

- महिला स्वसहायता समूह बिहान के स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल रहा आकर्षण का केन्द्र

राजनांदगांव। राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया। जहां विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की झलक दिखाई दी। महिला स्वसहायता समूह बिहान की छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा बनाए पकवान बड़ा, चीला, फरा, अईरसा, ठेठरी, खुरमी सहित लजीज व्यंजनों का जनसामान्य ने स्वाद लिया।

जिला पंचायत द्वारा सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, महात्मा गांधी नरेगा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से महिला सशक्तिकरण मशरूम उत्पादन की जानकारी दी गई तथा समूह द्वारा बनाए गए नीबू, कटहल के अचार, मोमबत्ती, अगरबत्ती, हर्बल गुलाल एवं अन्य उत्पाद उपलब्ध रहे। नगर निगम के स्टाल में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर से निर्मित विभिन्न उत्पादों की श्रृंखला, समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए रंगबिरंगे दीये, गोबर से बनी लकड़ी, वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, कंडा एवं अन्य उत्पाद उपलब्ध रहें। पौनी पसारी योजना के अंतर्गत परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना तथा शहरी लोक स्वास्थ्य योजना के संबंध में बताया गया।

जनसंपर्क विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में जनसामान्य को जनमन, कोरोना गाईड, मार्गदर्शिका मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, मार्गदर्शिका राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मार्गदर्शिका राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, आदिवासी हित सबसे आगे किताबों का वितरण किया गया एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा जैविक कृषि प्रदर्शनी, आर्गेनिक खाद, गोधन वर्मी कम्पोस्ट, पौष्टिक रागी, शहद जैसे वनोत्पाद उपलब्ध रहे। उद्यानिकी विभाग स्टाल में नरवा, घुरवा, गरवा, बाड़ी, हमर बाड़ी योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की झलक दिखाई दी। जहां अदरक, अरबी, डांग कांदा, बीजोड़ा की विविध प्रजाति तथा नारियल, केला जी-9, लड्डू गेंदा, अमरूद, पपीता रेड लेडी, सीताफल, फूलगोभी, बैगन, लौकी, टमाटर, बरबट्टी, करेला, चीकू की वैरायटी उपलब्ध थी। वन विभाग के महुआ प्रसंस्करण केन्द्र में महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए गए महुआ के स्वादिष्ट लड्डू उपलब्ध रहे। वहीं महुआ के कुकीज, महुआ के आरटीएस एवं अन्य उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध थे।

छत्तीसगढ़ में शासन की योजना विकास के स्वरूप में हो रही अभिव्यक्त : विधायक वोरा

- जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक श्री अरूण वोरा ने दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारंभ

राजनांदगांव। राज्योत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अरूण वोरा ने जिला स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण श्री दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा, पुलिस अधीक्षक श्री डी श्रवण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अरूण वोरा ने शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अरूण वोरा ने राज्योत्सव के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य की स्थापना में सभी के अथक प्रयास एवं परिश्रम समाहित है। आज के छत्तीसगढ़ में शासन की योजना का स्वरूप विकास के रूप में दिखाई देता है और छत्तीसगढ़ ने भारत के मानचित्र पर स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। धान बोनस, किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा गोधन न्याय योजना के माध्यम से किसानों को राहत पहुंचाई गई। राज्योत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 1500 करोड़ रूपए की सौगात दी है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय आरंभ किए गए हैं। वहीं शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 11 लाख लोग लाभान्वित हुए और अस्पताल भी उनके घर पहुंच गया तथा कोरोना काल में विशेष सेवाएं दी गई।

खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 21वें वर्ष को धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं सभ्यता को बढ़ावा दिया है। विभिन्न कार्यक्रमों में अब छत्तीसगढ़ व्यंजन ठेठरी, खुरमी परोसा जाता है। मुख्यमंत्री की छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना, वृक्षारोपण, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर किसान न्याय योजना से किसान एवं मजदूर लाभान्वित हो रहे हैं। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ आज 21 वर्ष का हो गया है। माता कौशल्या की यह भूमि भगवान श्री राम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ 21वीं सदी विकास की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से एक है और विकास की ओर अग्रसर है। धान के कटोरे एवं शांति के टापू के रूप में विख्यात रहा है तथा आर्थिक रूप से सुदृढ बना है। मुख्यमंत्री ने तीन वर्षों में सभी क्षेत्रों में कार्य किया है। छत्तीसगढ़ की पहचान योजनाओं के साथ आगे बढ़ रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

उपचुनाव में भाजपा...

की है, जो कांग्रेस का हमेशा से गढ़ रही है।

मंडी लोकसभा में भी हार, मध्यप्रदेश में 31 साल पुरानी सीट खोई

वहीं मंडी लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत हासिल की है। वह प्रदेश के पूर्व सीएम रहे वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं। यह सीट पहले भाजपा के ही कब्जे में थी और रामस्वरूप शर्मा के निधन के बाद खाली हुई थी। अब मध्य प्रदेश की बात करें तो यहां भाजपा के लिए स्थिति संतोषजनक रही है और पार्टी ने तीन में से दो सीटों, जोहट और पृथ्वीपुर, पर जीत हासिल कर ली है। इसके अलावा रैगांव में वह सीट गंवाती दिख रही है, जहां बीते 31 सालों से वह काबिज थी। हालांकि खंडवा लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल आगे चल रहे हैं।

बंगाल में भाजपा को झटका, जीती हुई सीटों पर भी हार

पश्चिम बंगाल में भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है और अपनी जीती हुई दो सीटें भी खोनी पड़ी हैं। यही नहीं तीन सीटों पर तृणमूल कांग्रेस की जीत का अंतर 1 लाख के करीब रहा है। इससे पता चलता है कि भाजपा को कितनी बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। दिनहाटा उपचुनाव में टीएमसी के उदयन गुहा ने 1,64,089 के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की, जबकि पार्टी के सोवन्देब चट्टोपाध्याय ने खरदाह से 93,832 मतों के अंतर से जीत हासिल की। बंगाल की गोसाबा सीट पर भी टीएमसी ने अपना कब्जा किया है।

असम से मिली है अच्छी खबर, पांचों पर एनडीए की जीत

असम की 5 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में से सभी पर एनडीए को सफलता मिली है। इनमें से तीन पर भाजपा उतरी थी, जबकि दो सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टी पीपीएल चुनावी समर में उतरी थी। पूर्वोत्तर भारत की कुल 10 सीटों के उपचुनाव में से सभी पर भाजपा या उसकी सहयोगी पार्टियों को जीत मिली है। वहीं आंध्र प्रदेश की बदवेल विधानसभा सीट से वाईएसआर कांग्रेस की कैंडिडेट डॉ. दसारी की जीत हुई है, जबकि कांग्रेस और भाजपा की जमानत तक जब्त हो गई है।

राज्य के 4 हजार...

इन्हे मिला प्रमोशन

हवलदार से एएसआई पद हेतु जिला बल के योग्य कुल 865 में से रायपुर रेंज में 190, दुर्ग रेंज में 146, बिलासपुर रेंज में 124, सरगुजा रेंज में 98 और बस्तर रेंज में 307 पुलिसकर्मी योग्य पाये गये हैं । वहीं सिपाही से हवलदार पद हेतु जिला बल के योग्य कुल 2952 में से रायपुर जिले में 180, बलौदाबाजार-भाटापारा में 95, गरियाबंद में 72, धमतरी जिले में 55, महासमुंद जिले में 50, जीआरपी में 24, पीटीएस माना में 6, पुलिस अकादमी चंद्रखुरी में 13, अअवि में 2, दुर्ग जिले में 88, बेमेतरा में 45, बालोद में 30, राजनांदगांव में 93 , कबीरधाम में 80, बिलासपुर में 61, मुंगेली में 35, जांजगीर-चांपा में 62, रायगढ़ में 55, कोरबा में 29, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 19, सरगुजा में 55, कोरिया में 33, जशपुर में 53, सूरजपुर में 62, बलरामपुर-रामानुजगंज में 75, पीटीएस मैनपाट में 6, जगदलपुर में 217, कोण्डागांव में 198, दंतेवाड़ा में 202, सुकमा में 194, कांकेर में 242, बीजापुर में 309 और नारायणपुर में 212 पुलिसकर्मी योग्य पाये गये हैं ।

जांच में आयेगी तेजी

इतनी बड़ी संख्या में प्रमोशन के बाद पुलिसिंग में भी पहले की अपेक्षा और तेजी आयेगी। पुलिस रेगुलेशन के अनुसार किसी प्रकरण की विवेचना हवलदार एवं उससे ऊपर के अधिकारी ही कर सकते हैं। इस प्रकार छत्तीसगढ़ पुलिस को करीब 4 हजार विवेचक मिलेंगे। जिनसे लंबित प्रकरणों की जांच में तेजी आयेगी और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ पुलिस के उक्त निर्णय पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों में व्यापक हर्ष व्याप्त है। पुलिसकर्मियों का कहना है कि विगत तीन वर्षों में उनकी विभिन्न मांगों पर पूरी संवेदनशीलता से विचार किया जा रहा है और पदोन्नति की प्रक्रिया बड़ी तेजी से हो रही है। इससे हम लोगों को समय पर पदोन्नति मिल पा रही है।

AXIS BANK
एक्सिस बैंक लिमि.
असेट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स, नया बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर-492004
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

नियंत्रण कार्यालय: एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग कंपाउंड, पांडूरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम के नियम 8(6) के भाव निहित हैं, अचल व चल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

इस नोटिस के जरिए आम जनता व कर्जदारों/गारंटरों को खास तौर पर सूचित किया जाता है सुरक्षित लेनदार की ओर गिरवी/प्रभारित रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति का रचनात्मक व प्रतिकात्मक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अपने अधिपत्य में ले लिया है। और अब इसकी बिक्री 06.12.2021 को **'जैसा है जहां है'**, **'जो है जैसा है'** एवं **'जो भी है'** के आधार पर होगी, ताकि **9,58,832/- रुपए** के कर्ज की वसूली ब्याज, अधिभार व अन्य व्ययों के साथ की जा सके। यह राशि **श्रीमती सरली देवी शाह पति सुरेन्द्र शाह एवं श्री सुरेन्द्र शाह पिता राम दास शाह** की ओर से सुरक्षित लेनदार को देय है। यह राशि **20.05.2017** तक की स्थिति में बकाया है। संपत्ति 1 के लिए आरक्षित मूल्य **12,96,378/- रू.** है। और इसके लिए जमा की जाने वाली अग्रिम राशि **1,29,637/- रू.** होगी।

खाता सं.	बिक्री के लिए निकाली गई कब्जा की गई गिरीवी रखी गई अचल संपत्ति का स्थान व ब्योरा (जो कुछ भी उचित हो)	बैंक को इस प्रापर्टी पर ऋणभार संबंधी कोई जानकारी
लोन नं. LPR013900593657	एलआईजी-II-76 के सभी भाग व खण्ड, स्लाईस-II, प.ह.नं. 103, रकबा 59.10 वर्गमीटर (636.14 वर्गफीट), वीरसावरकर वार्ड-1, हीरापुर, जिला-रायपुर छत्तीसगढ़, पिन-492001	बैंक की जानकारी के मुताबिक संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है।

बिक्री संबंधी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करें सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट- https://www.axisbank.com/auction.notices

दिनांक : 03.11.2021, स्थान : रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी/एक्सिस बैंक लिमिटेड

AXIS BANK
एक्सिस बैंक लिमिटेड - असेस्ट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चेम्बर्स, न्यू बस स्टैण्ड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पण्डरी, रायपुर-492004
डिमांड नोटिस

एतद् द्वारा एक नोटिस दिया गया है कि निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक की है और कहा है कि सुविधाएं गैर-निष्पादित संपत्ति बन गई है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 के प्रवर्तन की धारा 13 (2) के तहत नोटिस जारी किया गया था। हालांकि उनके ज्ञात पतों का उपयोग नहीं किया गया है इसलिए इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

क्र.	उधारकर्ता एवं सह उधारकर्ता का नाम व पता	जिस संपत्ति पर ऋण लिया गया उसका पता	नोटिस जारी होने की तिथि	ऋण संख्या	बकाया शेष (दावा) रु. में	ऋण वितरण रु. में
1	**मेघा पिथालिया पति** भूपेश कुमार पिथालिया म.नं. 15, हाउसिंह बोर्ड कालोनी लालबाग, राजनांदगांव (छ.ग.) पिन- 4914411	परिवर्तित भूमिस्वामी का खसरा नं. 20/5 क्षेत्र- 3.23 एकड़ (1.307 हे.) परिवर्तित भूमि की कीमत रु. 4151/- ग्राम-साल्हेभर्री प.ह.नं. 16, रा.नि.मं.- पद्ढाह, वि.खं.- तहसील, खैरागढ़, जिला-राजनांदगांव सीमाएं :- उत्तर-श्री नेतराम की भूमि, दक्षिण- मार्ग पूर्व- मार्ग, पश्चिम- श्री तिजऊराम की भूमि	24.09.2021	913030055584551	रु. 40,15,250/- (11.06.2021 तक)	रु. 35,00,000/-
2	**अश्वनी कुमार साहू पिता** श्री मांघुराम साहू, म.नं. 625/3 वार्ड-17, पंचशील कालोनी, ग्राम-बजरंग नवागांव, तहसील एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.)-4914411					
3	**भूपेश कुमार पिथालिया पिता** श्री किशोर चंद पिथालिया म.नं. 15, हाउसिंह बोर्ड कालोनी लालबाग, राजनांदगांव (छ.ग.) पिन- 4914411					

नोटिस की प्रतिस्थापित तामिल के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/सह आवेदक (जहां लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और लागू शुल्क से साथ बकाया राशि का भुगतान करें, जो वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण व सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 के प्रवर्तन के अनुसार इस नोटिस की तिथि के 60 दिनों की समाप्ति के बाद लिया जाएगा।
कृपया ध्यान दें उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत उप-धारा (2) संदर्भित नोटिस की प्राप्ति के बाद कोई भी उधारकर्ता सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या नोटिस में संदर्भित उसकी किसी भी सुरक्षित संपत्ति के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।

दिनांक : 03/11/2021
स्थान-रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

राज्योत्सव में झूम उठा कवर्धा, दर्शकों ने छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों का आनंद लिया

■ अपनी मूल संस्कृति, कला और परंपरा के साथ छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है : विधायक

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर एक नवम्बर को कवर्धा में पीजी कॉलेज मैदान में राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। पूरे दिन से देर रात तक छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति व रीति रिवाजों पर आधारित अलग-अलग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होती रही। राज्योत्सव के मुख्य अतिथि विधायक ने दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक ने छत्तीसगढ़ राज्य के 21वीं स्थापना की बधाई दी। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहूमुखी विकास हो रहा है। यहां की विलुप्त होती कला, संस्कृति, और परम्परा को पुनः स्थापित किया जा रहा है। आज छत्तीसगढ़ अपनी संस्कृति, कला और परम्परा से जुड़ रहा है। कोविड संक्रमण के दौर में भी मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास को प्राथकिता में रख कर राज्य के लोगों के विकास, उन्नती, प्रगति और खुशहाली के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई है। हमारी सरकार की सभी योजनाएं राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। यही वजह है कि आज राज्य के सरगुजा संभाग के ईब नदी से लेकर बस्तर के इन्द्रवंती नदी तक और मानपुर-मोहला से लेकर महासमुंद तक यहां के गांव, गरीब किसान और सभी वर्गों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव और विकास की नई किरण पहुंच रही है। मुख्यमंत्री ने दीपावली से पहले राज्य स्थापना दिवस पर आज राजीव गांधी न्याय योजना के तहत प्रदेश के किसानों को 15 सौ करोड़ रुपये उनके बैंक खाते में डाला है। समय समय पर किसानों को इस योजना के तहत राशि मिलने से किसानों का आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ रहा है। इसके राज्य के कारोबार व्यापार को भी लाभ मिल रहा है।

छालीवुड़ गायक के गीतों ने बांधा समां

एक दिवसीय राज्योत्सव में जैसे जैसे आकाश में चांदनी फैलती रही ठीक उसी अंदाज में राज्योत्सव महोत्सव मंच कर छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति की कार्यक्रमों की प्रस्तुति का सिलसिला बढ़ता रहा। जिले के स्कूली बच्चों ने राज्योत्सव के कार्यक्रमों की खुबसुरती बढ़ा दी। छग के छालीवुड़ गायक नीतिन दुबे की गायकी ने राज्योत्सव में समां बांध दिया। दर्शक छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति में सरोबर हो गए। दर्शकों को एक से बड़क एक छत्तीसगढ़ी गीतों का आंनद उठाया। दर्शक छूम उठे। दर्शक दीर्घा से लगातार तालिया बचती रही।

खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

इससे पहले छत्तीसगढ़ी खेकूलद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य, कौमी एकता पर मिश्रित गीत, देश भक्ति, गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की झांकी की शानदार प्रस्तुति दी। जिले में निवास विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के दल ने अपनी संस्कृति पर आधारित बैगा नृत्य की बहुत खुबसूरत प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया।

छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, ठेठरी-खुरमी और सीताफल बना आकर्षण का केन्द्र

कवर्धा के पीजी कालेज में आयोजित राज्योत्व मेला महोत्सव की रौनक बढ़ने लगी है। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलकूद में स्कूली बच्चें और महिलाएं भाग ले रही है। राज्योत्सव में शासकीय योजनाओं की प्रदर्शन को देखकर लोगों द्वारा खूब सराहना मिली रही है।

कलेक्टर रमेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस राज्योत्सव मेला में शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी अलग-अलग विभागों द्वारा लगाई गई है। राज्योत्सव स्थल पर फुगड़ी नृत्य, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, गोली चम्मच दौड का आनंद दर्शक लिया। जिला पंचायत की स्वसहायता समूहों द्वारा लगाए स्टॉल का दर्शकों ने आंनद लिया। स्टॉल में छत्तीसढ़ की प्रमुख व्यंजन ठेठरी, खुरमी, चीला, फरा की खूब बिक्री हुई। कृषि विभाग के समूहों ने सीता फल का आईक्रिम बना कर प्रदर्शन किया। दर्शकों ने खूब आईसक्रिम खाया। यहां पर घूमने को आये आगन्तुकों में खासकर महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों, सजावटी वस्तुएं और उपयोगी घरेलू सामग्रियों की जमकर खरीदारी कर रहे है।

मेला स्थल पर दर्शकों की मिली योजनाओं की जानकारी

राज्योत्सव में राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, सहकारिता एवं श्रम विभाग, क्रेडा विभाग, आयुष विभाग, नगरीय निकाय कवर्धा, परिवहन, सहित विभिन्न विभागों के अलावा व बैंकर्स द्वारा स्टाल में दी गई योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

राज्योत्सव की प्रमुख झलकियां एक नजर में

1 कोविड की वजह से दो वर्षों बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम और राज्योत्सव होने से दर्शकों ने खुब आनंद लिया
2 एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ की कला सांस्कृतिक की छटा मंच पर देखने को मिली
3 स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों से राज्योत्सव की खुबसुरती बढ़ी
4 दर्शकों ने छत्तीसगढ़ की चिला-फरा और ठेठरी खुरमी का मजा लिया
5 महिला स्व सहायता समूहों की छत्तीसगढ़ी रोटी की मांग बढ़ी
6 सीताफल की आईसक्रिम की खूब बिक्री हुई
7 राजस्व स्टॉल में किसानों को मिली नक्शा और खसरें की कापी
8 राज्योत्सव स्थल पर लगा कोविड का टीका और लोंगों ने कराए कोरोना टेस्ट
9 आयुष की टीम ने वितरण किया रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली काढ़ा
10 क्रेडा ने सौर उर्जा से की जींवत प्रदर्शनी
11 परिवहन विभाग के स्टॉल में हितग्राहियों ने किया आवेदन
12 नगरीय प्रशासन का स्टॉल बना मेला महोत्सव का आकर्षण का केन्द्र
13 शिक्षा विभाग के स्टॉल में मिली अंग्रेजी माध्यम स्कूली की झलक
14 जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में सभी शासकीय योजनाओं की फोटो प्रदर्शनी को लोगों देखा
15 मेला स्थल पर निःशुल्क सरकार की योजनाओं की जानकारी और प्रचार समाग्री वितरण किया गया

हमें अपनी छत्तीसगढ़िया संस्कृति पर है गर्व : रजनी मिंज

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आस्था शर्मा ने राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार प्रस्तुत किया। भाव प्रदर्शन तृप्ति साहू, कीर्ति यादव, प्रिया वर्मा, ईशा नायक ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ राज्य वनसंपदा, खनिज संपदा से भरा हुआ है। यहां के निवासी सरल, सहज ईमानदार है और हमें अपनी छत्तीसगढ़िया संस्कृति पर गर्व है। पूर्वा वर्मा 9वीं ने छत्तीसगढ़ की खूबियों पर कविता प्रस्तुत की। चित्रकला प्रतियोगिता में 16 छात्र निबंध प्रतियोगिता में 23 छात्र प्रतिभागी रहे। नंदिनी भोई और साथी पूजा वर्मा, प्रीति देवांगन, संजना यादव, नेहा देवांगन योगिता भारती, पूजा वर्मा ने सुआ नृत्य सुआ ले जाना मोर संदेश की बेहतरीन प्रस्तुति दी। रवीना व करीना के युगल नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। तृप्ति साहू, झरना साहू, कीर्ति यादव, ईशा नायक, प्रिया वर्मा, टिकेश्वरी सुशीला धीवर, गरिमा चेलक आदि ने छत्तीसगढ़ मईया, हमन सब ले बढ़िया नृत्य प्रस्तुत कर जता दिया कि हम लोग ही सदैव अव्वल रहेंगे। इस अवसर पर जीत सक्सेना, हिमांशु, विनायक वर्मा हीरामणि, भूपेश पाटकर आदि के कार्य सराहनीय रहे।

राज्योत्सव पर स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आगाज

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय खरोरा के स्वयं सेवकों ने राजगीत 'अरपा पैरी के धार' गाकर छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना कर स्वच्छता कार्यक्रम का आगाज किया। स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर, गोदग्राम केसला में आंगनबाड़ी, नायकटांड़ में प्राथमिक शाला भवन और मोहरेंगा में चौक-चौराहा, गली, तालाब किनारे की सफाई कर रैली निकाल सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूकता व स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वयं सेवकों ने लोगों को भविष्य में पॉलिथीन का उपयोग न करने संकल्प दिलाया। प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान और पटाखों से वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को नारों के माध्यम से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने प्रकृति के तीन दुश्मन पाउच, पन्नी और पॉलिथीन से परहेज करने आमजनों से आह्वान किया।

8 लाख रुपए गांजे के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस द्वारा एक बार फिर गांजे की एक बड़ी खेप पकड़ी गई है। पुलिस ने 2 महिला व 2 पुरूष समेत 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर हुंडई कार में गांजे की तस्करी कर रहे थे जिनसे करीब साढ़े 8 लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया है। मुखबिर सूचना पर थाना कुकदुर प्रभारी लव कंवर के द्वारा पोलमी चेक पोस्ट में नाकाबंदी पॉइंट लगा कर मार्गो में गुजर रहे वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक हुंडई सेंटरो कार क्रमांक- स्क्क20 ,स्न-4207 में सवार 04 संदिग्ध व्यक्ति बैठे थे। पूछताछ में गंगाराम पिता लखन लाल यादव 57 वर्ष ग्राम गोवारी थाना देहात जिला दमोह एमपी, यशवंत सिंह पिता भूपत सिंह 41 वर्ष वार्ड नंबर 03 फुटेरा काली दमोह एमपी, सुषमा बाई पिता सहदेव बढ़ई 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 36 बिजली ऑफिस के सामने धनुपाली संबलपुर उड़ीसा और पुनी हंस पति चैतन्य 37 वर्ष ग्राम टी एफ कॉलेज रोड धनुपाली जिला संबलपुर उड़ीसा से दमोह मध्य प्रदेश की ओर जाना बताया गया। संदेह के आधार पर उक्त वाहन की बारीकी से तलाशी लेने पर कार में बैग रखे हुए थे जिसे खोलकर देखने पर उसमें गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 41.635 किलो गांजा बरामद किया।

सीजीपीएससी टॉपर को एसपी ने दी बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली सीजीपीएससी-2020 के रिजल्ट घोषित किया गया है, जिसमें राजनांदगांव की बेटी आस्था बोरकर द्वारा सीजीपीएससी परीक्षा में टॉप करनें पर पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम द्वारा उनके निज निवास में पहुंचकर आस्था बोरकर एवं उनके परिजनों से भेंट कर आस्था को यूपीएससी की तैयारी करने के लिए मोटिवेट किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पुष्प-गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

1 लाख 86 हजार 475 किसानों को मिला 123 करोड़ 90 लाख

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्योत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त की राशि आज जिले के 1 लाख 86 हजार 475 किसानों के खाते में 123 करोड़ 90 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने किसानों को दीपावली का तोहफा दिया है। जिससे जिले किसानों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि अब तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 371 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि किसानों को दी गई है। किसानों की यह दीवाली खास रहेगी।

शासन की योजना के अंतर्गत पहले दो किश्त की राशि से किसानों को बहुत फायदा हुआ था। जिससे उन्होंने खेती-किसानी के उपकरण एवं सामग्री तथा घर के लिए आवश्यक सामान खरीदा था। जिले में शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना के परिणाम प्रभावी रहे हैं और इससे उनके जीवन में खुशहाली आई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्योत्सव में दी गई विधिक जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा दो चरणों में पैन इंडिया अवेयरनेस आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के पदेन अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के निर्देशन में राज्योत्सव के उपलक्ष्य में बेसिक मैदान बेमेतरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं जिला न्यायालय के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो संजय अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदीश राम समेत अन्य न्यायधीशों के द्वारा राज्योत्सव में आम नागरिकों को मूलभूत कानूनी जानकारी प्रदान करते प्रोजेक्टर के द्वारा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनओं के संबंध में शार्ट फिल्म के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

राज्योत्सव में आये लगभग 200 लोगों को कानूनी जानकारी देकर लाभांवित किया गया। आने वाले नागरिकों की कानूनी समस्यओं को सुनकर उन्हें तत्काल विधिक सहायता प्रदान की गई, तथा न्यायाधीशगण द्वारा विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान करते हुए पाम्प्लेट का वितरण भी किया।

दीपोत्सव को लेकर पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एसपी ने दीपोत्सव पर्व को देखते हुए जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा को चेक किया गया।

बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सीसीटीव्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकी से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंकों में कई जगह सीसीटीव्ही एवं अलार्म सिस्टम खराब पाये गये, जिसे सुधरवाने हेतु बैंकों के प्रबंधकों को कहा गया। साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

कानून व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में कानून व्यवस्था को प्रभावकारी बनाये रखने हेतु कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर और पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर ने आज संयुक्त रूप से अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर क्षीरसागर ने जिला सहकारी बैंक शाखाओं के माध्यम से किसानों को राशि भुगतान प्रक्रिया में दिक्कते न हो इस हेतु बैंक प्रबंधकों पर विशेष ध्यान देते हुए एआरसीएस को व्यवस्था हेतु आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशील मामलों पर सावधानियां बरतने तथा विभाग से संबंधित ऐसे खबरें जिससे शासन-प्रशासन की छवि प्रभावित करने की मंशा से प्रकाशित की गई है, ऐसे खबरों पर तथ्यात्मक जानकारी के साथ खंडन प्रकाशित करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली खबरों को तत्काल जिला एवं पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाई जाए।

पुलिस अधीक्षक माथुर ने अवगत कराया कि आगामी दिनों में विभिन्न संगठनों के धरना प्रदर्शन से जिले की शांति व्यवस्था प्रभावित न हो, इस पर विशेष नजर रखी जाए। दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए बैंकों एवं बाजारों में भीड़-भाड़ की स्थिति व लुट की घटना पर विशेष नजर रखने पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि त्यौहारी सीजन में गोवर्धन पूजा के दौरान भी विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। धान खरीदी से संबंधित मुद्दो पर भी पहले से समाधान का पहल किया जाए।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1
मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00039 ग्राम के धनोरा नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी5106429092021019

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम धनोरा के भूमिस्वामी साक्षी रजक पिता/पति जगनंदन रजक पता- ग्राम खुरसुल पो. गब्दी तह. गुंडरदेही जिला बालोद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 565/102 (0.0128) में नामांतरण / अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/10/2021 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/10/2021 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग तहसील दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400144
पक्षकार का नाम- श्रीमती कमला कुंडू

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कमला कुंडू पति श्री असीम कुमार कुंडू निवासी-क्वा. नं. 5/ए, सड़क नं. 44 सेक्टर 8 भिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	665/4	0.060 हे. 6205 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

AXIS BANK

एक्सिस बैंक लिमि.
असेट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स,
नया बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर-492004

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

नियंत्रण कार्यालय: एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग कंपाउंड, पांडूरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम के नियम 8(6) के भाव निहित हैं, अचल व चल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

इस नोटिस के जरिए आम जनता व कर्जदारों/गारंटरों को खास तौर पर सूचित किया जाता है सुरक्षित लेनदार की ओर गिरवी/प्रभारित रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति का रचनात्मक व प्रतिकात्मक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अपने अधिपत्य में ले लिया है। और अब इसकी बिक्री 24.11.2021 को **'जैसा है जहां है', 'जो है जैसा है'** एवं **'जो भी है'** के आधार पर होगी, ताकि **6,97,996/- रुपए** के कर्ज की वसूली ब्याज, अधिभार व अन्य व्ययों के साथ की जा सके। यह राशि **श्री पंकज कुमार झा एवं श्रीमती प्रीति देवी (प्रीति झा)** की ओर से सुरक्षित लेनदार को देय है। यह राशि **29.11.2016** तक की स्थिति में बकाया है। संपत्ति 1 के लिए आरक्षित मूल्य **2,70,490/- रू.** है। और इसके लिए जमा की जाने वाली अग्रिम राशि **27,049/- रू.** होगी।

खाता सं.	बिक्री के लिए निकाली गई कब्जा की गई गिरीवी रखी गई अचल संपत्ति का स्थान व ब्योरा (जो कुछ भी उचित हो)	बैंक को इस प्रापर्टी पर ऋणभार संबंधी कोई जानकारी
लोन नं. PHR013901843488	मकान नं. 33 के सभी भाग व खण्ड, खसरा नं. 523 का भाग, प.ह.नं. 026, अटल आवास योजना, मौजा-बेलभाठा, रा.नि.मं.-नवापारा-1, अभनपुर, उप तहसीलदार, तहसील व जिला रायपुर, पिन-492001, इस संपत्ति के मालिक पंकज कुमार झा है।	बैंक की जानकारी के मुताबिक संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है।

सीमाएं :- उत्तर- खुला प्लाट, दक्षिण- मार्ग, पूर्व- मकान नं. 34, पश्चिम- मार्ग

बिक्री संबंधी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करें सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट- https://www.axisbank.com/auction.notices

दिनांक : 03.11.2021, स्थान : रायपुर — **प्राधिकृत अधिकारी/एक्सिस बैंक लिमिटेड**

कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
E-mail : Lspsskm@gmail.com

// ई-निविदा सूचना // Contact No. 07987900070, 09907575796

ई-निविदा सूचना क्रमांक 86404, 86406 — दिनांक 02/11/2021

2500 टी.सी.डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया में निविदा सूचना क्रमांक 86404 (मेन्युफेक्चरिंग/ इंजीनियरिंग सामग्री क्रय/कार्य एवं पेंटिंग कार्य) एवं 86406 (विभिन्न मशीनरी एवं स्पेयर सामग्री का बीमा पालिसी) हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/ निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर अलग-अलग ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/- रु.+ 311/- रु. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal : http://eproc.cgstate.goc.in) में फार्म Upload किया जाना है।

निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साइट www.Lspss.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।

महाप्रबंधक (प्रशा.)

केनरा बैंक Canara Bank
Syndicate

स्मृति नगर, भिलाई (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित कर्जदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/शाखा का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	श्रीमती रजनी मानिकपुरी एवं श्री रोमन दास मानिकपुरी शाखा- स्मृति नगर, भिलाई (छ.ग.)	श्रीमती रजनी मानिकपुरी पति- रोमन दास मानिकपुरी के नाम पर प.ह.नं. 15/21, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, क्षेत्रफल- 969.26 वर्गफीट, छठवीं मंजिल, ब्लॉक सी-1 में निर्मित फ्लैट नं. 46ए (पेन्ट हाउस) एवं संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी- उत्तर- खुली छत, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- फ्लैट नं. 45ए, पश्चिम- फ्लैट नं. 47ए.	₹ 31,56,643/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	मांग सूचना तिथि: 07.08.2021; कब्जा सूचना तिथि: 02.11.2021

दिनांक : 02.11.2021, स्थान: भिलाई (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक


शुभ दीपावली
प्रदेशवासियों को दीपावली
के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं.
एक शुभ चिंतक, दुर्ग

Happy Diwali
Hotel
***
Sagar
Approved *** by India Tourism
CREDIT CARDS ACCEPTED CHECK OUT TIME 24 HOURS
Opp. Railway Station, Durg (C.G.),
Tel.: 91788-666333, 6663401 to 3409
Email: hotelgarinternationaldurg@gmail.com
Visit us:www.hotelsagarinternational.co.in


With Best Wishes From
Happy Dipawali
Shri Krishna
Enterprises
Durg, Chhattisgarh
शुभ दीपावली
Mukand Ltd. EOT Cranes, Trolleys, maill Stand,
Empire Industrial Equipments
Any Equipments of Steel, Cement,
Any Industry, You Ask For, We Have it
General Cable
All Types Cables
Sempertrans Nirlon (P) Ltd. Converyor Belts
Spare Parts Enterprises
Spare Parts of Heavy Earth Moving Machinery,
Usha Martin (p) Ltd, Wire Rope
Kay International Ltd.
Twin Lobe Blowers, tri Lobe Compressor
You Ask For, Ee, Have It.
Infinity Engineering & Allied Services.
Material Handling Equipments
Allied Services. Cleaners, Sweeping Machine.


happy
diwali
Happy Diwali
Hotel
Central Park
29, Shivnath Complex, GE Road, Supela, Bhilai (C.G.) 490023, Ph. 0788-4040804,
Reservation hotelcentralparkbhilai@gmail.com, visit us:www.hotelcentralpark.co.in